लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



पार्टी की शान बनना चाहते हैं ......



फंक्शन के लिए खास......

वर्ष : 11 | अंक : 265 | लखनऊ, 14 सितम्बर, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# मणिपुर में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

## लोगों ने पारंपरिक नृत्यों से शांति बहाली की उम्मीद जताई

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मणिपुर दौरे के दौरान इंफाल में स्थानीय लोगों से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी चुराचांदपुर का दौरा करने के बाद इंफाल पहुँचे, जहाँ उन्होंने विभिन्न जातीय समूहों से बात की और उनसे हिंसा छोड़कर राज्य में शांति बहाल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में आशा और विश्वास का एक नया सवेरा उभर रहा है। मई 2023 में राज्य में जातीय संघर्ष छिड़ने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला दौरा है, और तब से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच कलह जारी है। इस संघर्ष ने मणिपुर को स्थायी नुकसान पहुँचाया है, इसकी अर्थव्यवस्था में बाधा डाली है, इसके सामाजिक सामंजस्य को बाधित किया है और इसके राजनीतिक परिदृश्य को अस्थिर किया है।

मणिपुर के चुराचांदपुर में नरेंद्र मोदी की यात्रा का गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। स्थानीय लोग अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते हुए पारंपरिक नृत्यों के साथ उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। चूड़ाचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान राज्य के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक नृत्य करने वालों में से एक ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में और विकास लाएंगे। वह उनका स्वागत करने के लिए पारंपरिक वेशभूषा में आए थे।

एक अन्य कलाकार ने कहा कि हम यहाँ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए अपना पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करने आए हैं। हम बहुत खुश हैं। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी भविष्य में भी राज्य में और विकास लाएँगे। एएनआई से बात करते हुए, एक अन्य नृत्य कलाकार ने कहा, ̄हम बहुत उत्साहित हैं क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री यहाँ आ रहे हैं, और हम उनके सामने प्रस्तुति देने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम बहुत खुश हैं।

एक महिला कलाकार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री राज्य में शांति और सद्भाव लाएँगे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूँ क्योंकि प्रधानमंत्री चुराचांदपुर आ रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि वह राज्य में शांति और सद्भाव लाएँगे। हम उनके लिए एक पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करने जा रहे हैं...हम बहुत उत्साहित हैं। समावेशी और सतत विकास पर अपनी सरकार के फोकस के तहत, प्रधानमंत्री मोदी ने 3,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली मणिपुर शहरी सड़क और जल निकासी तथा परिसंपत्ति प्रबंधन सुधार परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, मणिपुर इन्फोटेक डेवलपमेंट (एमआईएनडी) परियोजना और राज्य भर में नौ स्थानों पर कामकाजी महिला छात्रावासों की आधारशिला भी रखी।

## भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका का संगीत एक भारत-श्रेष्ठ भारत की पहचान : पीएम मोदी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल हुए। मोदी ने डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लेते हुए उनके सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। वहीं, अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज का दिन अद्भुत है और ये पल अनमोल हैं। जो दृश्य यहां मैंने देखा, जो उत्साह और तालमेल मुझे दिखा, भूपेन संगीत की जो ली दिखी, अगर मैं भूपेन दा के शब्दों में ही कहूं, तो मन में बार-बार आ रहा था - 'समय ओ धीरे चलो, समय ओ धीरे चलो।'

## राजस्थानः रेल में बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए 544 यात्री



### 1.83 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम रेलवे ने टिकट जांच अभियान के दौरान ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करते हुए 544 यात्रियों को पकड़ा और उनसे 1.83 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि शुक्रवार को सघन टिकट जांच अभियान चलाकर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों और अनाधिकृत श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों व वेंडर के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के तहत जोधपुर- मकराना, जयपुर-मकराना, जोधपुर-मेड़ता रोड, फुलेरा-अजमेर, फुलेरा-रींगस, रींगस-जयपुर, नागौर-नोखा-देशनोक रेल खंडों के मध्य संचालित होने वाली प्रमुख 24 रेलगाड़ियों में यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान 544 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे 1.83 लाख रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही छह अनाधिकृत वेंडर को पकड़कर रेलवे सुरक्षा बल को नियमानुसार कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया।

## राजग 2029 में केंद्र की सत्ता में वापसी करेगा: एन चंद्रबाबू नायडू

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र में राष?ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार 2029 में लगातार चौथी बार सत्ता में लौटेगी। एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले 11 सालों से जीत रहे हैं, तीसरा चुनाव खत्म हो गया। चौथा चुनाव भी, लिख लीजिए, फिर से राजग ही सत्ता में लौटेगा। इसमें कोई शक नहीं है। इस देश के भविष्य के लिए राजग का आना जरूरी है। उन्होंने 11 सालों में भारत को 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मोदी की तारीफ की। नायडू ने कहा कि अमरावती में शुरू किए गए सभी कार्य अगले तीन वर्षों में पूरे हो जाएंगे, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी शामिल हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग पर टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, बिहार सरकार ने पुराने और अनुपयोगी वाहनों की स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। परिवहन विभाग ने 15 साल से अधिक पुराने निजी वाहनों के मालिकों को टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही वाणिज्यिक वाहनों पर भी 50 प्रतिशत टैक्स में छूट का ऐलान किया गया है। राज्य सरकार पहले से ही स्क्रैपिंग कराने वाले वाहन स्वामियों को कई रियायतें दे रही है। स्क्रैपिंग के बाद प्राप्त प्रमाण पत्र, सीओडी के आधार पर नए वाहनों के पंजीकरण और बकाया टैक्स में वाहन मालिकों को एकमुश्त छूट दिया जा रहा है। इसके साथ पुराने वाहनों पर पूर्व से लंबित देनदारियों और अर्थदंड में एकमुश्त छूट देने का प्रावधान है। गैर परिवहन और परिवहन वाहन के देनदारियों में 90 प्रतिशत और अर्थदंड में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

निजी वाहनों के लिए स्क्रैपिंग के लिए वाहन स्वामियों को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदन के बाद आरवीएसएफ सेंटर वाहन को खरीदकर स्क्रैप करेंगे। बिहार में इसके लिए दो स्क्रैपिंग सेंटर उपलब्ध हैं—पटना में निलियम स्क्रैपिंग सेंटर और वैशाली में एसके इंटरप्राइजेज।

## उप्रः देह व्यापार में शामिल आठ युवतियों समेत 17 आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

बलरामपुर, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में पुलिस ने एक लाउंज में छापेमारी कर कथित देह व्यापार में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार युवतियों समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मेरठ में देह व्यापार में संलिप्त चार महिलाओं समेत नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि लॉन्ज एवं होटलों में देह व्यापार की शिकायत मिलने पर पुलिस ने पाहलवारा मोहल्ले में मंगल प्रसाद टेंट हाउस पर छापेमारी कर सहजराम नामक व्यक्ति एवं दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन स्थित अमन लाउंज में छापेमारी कर अनवर, सिराज, बरकत अली के साथ दो युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि सभी आरोपियों को अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक उधर मेरठ जिले में थाना एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) और महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कबाड़ी बाजार इलाके में छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित कथित देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर 17 महिलाओं को मुक्त कराते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चार महिलायें भी हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कैंट) नवीना शुक्ला के नेतृत्व में बृहस्पतिवार देर रात यह कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ एएचटीयू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में मसूद, इलियास, जाकिर, याकुब और कन्हैया के अलावा चार महिलायें भी शामिल हैं।

## साधु-संतों को मायावती की सख्त चेतावनी!

### कहा- बाबा साहेब पर टिप्पणी करना छोड़ दें

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को कुछ साधु-संतों को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पर चुप रहने और किसी प्रकार की कोई टिप्पणी न करने की सलाह दी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जैसा कि विदित है कि आए दिन सुर्खियों में बने रहने के लिए विवादित बयानबाजी करने वाले कुछ साधु-संतों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुल्य योगदान की सही जानकारी नहीं है। इसलिए इस संबंध में किसी भी तरह की गलत बयानबाजी करने के बजाय वे चुप रहें तो उचित होगा। उन्होंने कहा, साथ ही, बाबा साहेब के अनुयायी मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर उन्हें इसे जरूर समझना चाहिये। मायावती ने पोस्ट में कहा, इसके साथ-साथ यह भी मालूम होना चाहिये कि बाबा साहेब महा-विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में किसी प्रकार की कोई भी टिप्पणी करने वाले साधु-संत उनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं। अतः इस बारे में भी कुछ कहने से पहले बचना चाहिये, यही नेक सलाह है।

**संक्षिप्त समाचार**

### मुख्यमंत्री ने हिन्दी दिवस और जीवित्पुत्रिका व्रत की दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिन्दी दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। हिन्दी देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हिन्दी भाषा देश के सभी लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। राष्ट्र को एकजुट रखने में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान है। हिन्दी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने राजभाषा हिन्दी के चतुर्दिक विकास की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिहार में राजभाषा के रूप में हिन्दी सरकारी कामकाज की भाषा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने कामकाज में हिन्दी को ही माध्यम के रूप में अपनाएं तथा गर्व एवं सम्मान के साथ हिन्दी सीखें, समझें एवं प्रयोग में लायें। नीतीश कुमार ने जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

### जम्मू में नियंत्रण रेखा के पास ड्रोन जब्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित एक गांव से शनिवार को पुलिस ने एक ड्रोन जब्त किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के बाद यह ड्रोन गरखल इलाके के फत्तू कोटली गांव के एक खेत से जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ड्रोन सीमा पार से आया था या किसी शादी समारोह की वीडियो बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर इस्तेमाल किया जा रहा था।

## बिहार की सियासत में तेजस्वी का बड़ा दांव, 'अधिकार यात्रा' से साधेंगे 2025 का लक्ष्य

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक नए जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करने वाले हैं। उनकी बिहार अधिकार यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होकर 20 सितंबर को वैशाली में समाप्त होगी, जो पाँच दिनों में 10 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले कई निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ेंगे।

राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, संबंधित जिलों के पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और नेताओं को इस अभियान में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। नियोजित मार्ग तेजस्वी को जहानाबाद से नालंदा, पटना, बेगुसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर होते हुए वैशाली तक ले जाएगा। यह पहल पिछले महीने हुई मतदाता अधिकार यात्रा के बाद की गई है, जिसमें यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मतदाता सूची संशोधन से जुड़े मुद्दों पर प्रचार करने के लिए शामिल हुए थे। यह 15 दिवसीय यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई और 1 सितंबर को पटना में समाप्त हुई, जिसमें 20 जिलों में 1,300 किलोमीटर की यात्रा की गई।

तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बिहार की विफल कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला और राज्य में भ्रष्टाचार की मौजूदा स्थिति पर जोर दिया। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि बिहार में अपराध दर अपने चरम पर है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने खरौली विधायक के ड्राइवर की हत्या जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि बिहार में अपराध चरम पर है। उन्होंने इंजीनियरों के घरों से नकदी बरामदगी को व्यापक भ्रष्टाचार का सबूत बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने और उनका हौसला बढ़ाने का आरोप लगाया।

## ममता ने सुशीला कार्की को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को नेपाल में अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सुशीला कार्की को बधाई दी। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की शुक्रवार रात अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गईं। इसके साथ ही, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद देशव्यापी आंदोलन के कारण के पी शर्मा ओली सरकार के इस्तीफा देने के लिए मजबूर होने के बाद कई दिन से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं माननीय श्रीमती सुशीला कार्की को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। पश्चिम बंगाल की सीमाएं नेपाल से लगती हैं और दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। हम पड़ोसी देशों के रूप में मित्रता एवं सहयोग के गहरे संबंधों को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के तीन दिन बाद शुक्रवार शाम 73 वर्षीय कार्की को पद की शपथ दिलाई।

## मुरैना पहुंचे सिंधिया का हजारों लोगों ने किया भव्य स्वागत, पूरा शहर उत्सव में डूबा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



ग्वालियर/भोपाल। केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के शनिवार को मुरैना आगमन पर हजारों नागरिकों और कार्यकताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों की थाप और गगनभेदी नारों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। सिंधिया ने जनता के इस अपार स्नेह और आशीर्वाद को अपनी सबसे बड़ी शक्ति और सेवा का संकल्प बताते हुए कहा कि यह प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है।

### सुकन्या समृद्धि योजना का विस्तार और पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन

मुरैना प्रवास के दौरान सिंधिया ने प्रधान डाकघर में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र का शुभारंभ किया और सुकन्या समृद्धि योजना के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेटियाँ समाज को गढ़ने का कार्य करती हैं और यह योजना केवल बैंक खाता नहीं, बल्कि माता का आत्मविश्वास, पिता का गर्व और पूरे समाज का भरोसा है। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि नवनिर्मित पासपोर्ट सेवा केन्द्र से क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों को न केवल सहूलियत, बल्कि अवसर भी प्राप्त होंगे।

### भाजपा जिला कार्यालय में बैठक, संगठन की मजबूती पर बल

सिंधिया ने मुरैना स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकताओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और जनता की सेवा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इसके लिए निरंतर सक्रिय रहना होगा।

### मेरी मुरैना की जनता... मैं आपका हूँ और आप मेरे हो!

सभा को संबोधित करते हुए सिंधिया ने जनता के साथ अपने गहरे रिश्ते को भावुक शब्दों में व्यक्त किया। उन्होंने कहा मेरी मुरैना की जनता मैं आपका हूँ और आप मेरे हो! उनके इन शब्दों से सभा स्थल तालियों और नारों से गूंज उठा।

## नेपाल में अशांति के कारण फीका पड़ सकता है दार्जिलिंग में दुर्गा पूजा उत्सव, कारोबारियों को नुकसान की आशंका

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, नेपाल में जारी राजनीतिक अशांति के बीच, इस साल दार्जिलिंग में दुर्गा पूजा समारोहों पर आर्थिक रूप से असर पड़ने की आशंका है, शनिवार को दुर्गा पूजा समिति के अधिकारियों ने यह बात स्वीकार की। एएनआई से बात करते हुए, दुर्गा पूजा समितियों के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इस साल पंडाल का बजट कम होना तय है क्योंकि इस साल त्योहारों पर बिक्री नहीं हुई है। पानीटंकी ब्याबसाई समिति दुर्गा पूजा समिति के सचिव दीपक चक्रवर्ती ने कहा कि इस साल कोई पंडाल नहीं लगाया जाएगा और मंदिर में पूजा की जाएगी। उन्होंने आगे स्वीकार किया कि इस त्योहारी सीजन में केवल 10 प्रतिशत दुकानें ही खुली हैं।

चक्रवर्ती ने एएनआई को बताया कि यह पूजा हमारी समिति द्वारा आयोजित की जाती है। इस पूजा का बजट दुकानों से एकत्रित 95 प्रतिशत होता है। दुकानदार यह पूजा करते हैं। हालाँकि, वर्तमान स्थिति में, 10 प्रतिशत दुकानें नहीं खुली हैं। कुल 948 दुकानें हैं, जिनमें से 900 बंद हैं; कुछ ही खुली हैं, लेकिन कोई ग्राहक नहीं है। चक्रवर्ती ने बताया कि दुकानों की बिक्री और दान में कमी के कारण बजट कम कर दिया गया है। इस वर्ष का बजट शुरू में बड़ा था क्योंकि समिति 50वीं पूजा की तैयारी कर रही थी और इस उत्सव में नेपाल से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। हालाँकि, पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति के कारण, इस वर्ष की पूजा 3-4 दिन पहले ही रद्द कर दी गई थी।

चक्रवर्ती ने आगे कहा कि सबसे ज्यादा पर्यटक नेपाल से आते हैं। अगर वे अभी नहीं आते हैं, तो बहुत बुरा होगा। कोविड के कारण हमने पूजा की संख्या दो बार कम कर दी थी। इस बार पूजा 50 साल के लिए थी और हमारा बजट बहुत बड़ा था। लेकिन यह पूजा 3-4 दिन पहले रद्द हो गई, हमें बहुत दुख है। चक्रवर्ती के अनुसार, बजट तय करने के लिए एक बैठक होगी और उन्होंने जोर देकर कहा कि हालाँकि सरकार उत्सव के लिए 1 लाख 10 हजार रुपये दे रही है, लेकिन एक पूजा के आयोजन के लिए बहुत बड़ी राशि की आवश्यकता होती है; इसलिए बजट पर दोपहर 3 बजे फैसला लिया जाएगा।

चक्रवर्ती ने आगे कहा कि सभी दुकानें बंद हैं। हमें सरकार से 1,10,000 रुपये मिल रहे हैं। लेकिन हम एक पूजा पर बहुत पैसा खर्च कर रहे हैं।

## थाना समाधान दिवस में सुनी गईं 20 शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाने में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर मोहनलालगंज एसीपी रजनीश कुमार वर्मा ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं इस दौरान करीब 20 शिकायतें आईं जिनमें ज्यादातर मामले राजस्व से संबंधित रहे लालपुर गाँव निवासी पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि गांव के ही रामबरन ने रायबरेली-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित राजस्व अभिलेखों में दर्ज दखिना शेखपुरा तालाब की भूमि पर कब्जे की नीयत से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। शिकायत के अनुसार तालाब की कीमती भूमि पर पहले से बनी निजी दीवारों पर शनिवार को छत डालने के लिए शटरिंग सामग्री लगाई जा रही थी इससे पूर्व जब दीवार निर्माण कराया गया था तो तत्कालीन लेखपाल हिमांशु कनौजिया ने थाने में लिखित शिकायत देकर कार्य रुकवाया था।समाधान दिवस पर मौजूद राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने मौके की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## महिला से छेड़छाड़ के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पीड़िता के मुताबिक उसका पति विदेश में रहता है और 28 अगस्त की रात वह घर पर अकेली थी।तभी पड़ोस में रहने वाला युवक पंकज सिंह अचानक घर में घुस आया और महिला से जबरन छेड़छाड़ करने लगा महिला ने बताया कि जब उसने शोर मचाकर मदद के लिए चीखना-चिल्लाना शुरू किया तो आरोपी मौके से भाग निकला अगले दिन सुबह हिम्मत जुटाकर पीड़िता आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची लेकिन वहां मौजूद परिजनों ने न केवल उसे डांटकर भगा दिया बल्कि भला-बुरा भी कहा। पीड़िता ने इसके बाद मोहनलालगंज थाने में पहुंचकर पूरे मामले की तहरीर दी। मोहनलालगंज थानाप्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लिफ्ट देकर महिला से लूटी नकदी व जेवर, तीन गिरफ्तार

### मलिहाबाद में पुलिस ने वारदात का किया खुलासा, असलहा और अर्टिगा कार बरामद



लूट के आरोपी पुलिस हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।दुबग्गा सीतापुर बाईपास से गांव लौट रही महिला के साथ अर्टिगा कार में सवार तीन लोगों ने लिफ्ट देने के बहाने लूट की वारदात को अंजाम दिया। महिला से मारपीट कर सोने के जेवर और 12 हजार नकदी लूटने के बाद उसे चलती कार से फेंक दिया गया। होश में आने के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने टीमें गठित कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तमंचा, कारतूस, नकदी और वारदात में प्रयुक्त कार बरामद हुई है।

हरदोई के संडीला की रहने वाली गीता कनौजिया लखनऊ के गोमतीनगर में लॉन्ड्री का काम करती हैं।बीते एक सितंबर सोमवार को वह अपने गांव जाने के लिए सीतापुर बाईपास पर वाहन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक अर्टिगा कार में सवार एक महिला समेत तीन लोगों ने उन्हें संडीला तक लिफ्ट देने की बात कही। रास्ते में कार सवार बदमाशों ने गीता से मारपीट की और गले की सोने की चेन, कान के टॉप्स, दो अन्य चेन और12 हजार रुपये लूट लिए।इसके बाद मलिहाबाद के आगे गीता को चलती कार से धक्का देकर नीचे फेंक दिया।

होश में आने पर गीता किसी तरह मलिहाबाद थाने पहुंचीं और आपबीती सुनाई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर दीं।

डीसीपी नार्थ जितेंद्र दुबे ने बताया कि शनिवार को मोहान तिराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध अर्टिगा कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक कार भगा ले गया। सूचना पर गोशालालपुर चेक पोस्ट पर घेराबंदी की गई और कार को रोककर तीन आरोपियों को दबोच लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में सतीश गुप्ता (निवासी मोहन बिहार कॉलोनी, दुबग्गा), प्रेम वर्मा (निवासी मंडी श्याम नगर, खेरली हाफिजपुर, दनकौर, ग्रेटर नोएडा) और रामरानी (निवासी लखनऊ) शामिल हैं।पुलिस ने इनके पास से 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस, एक बांका, 5,260 रुपए नकद और लूट में इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार बरामद की है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे वीरपाल नाम के व्यक्ति की कार एक दिन के एक हजार रुपए में किराए पर लेकर वारदातों को अंजाम देते थे। डीसीपी नॉर्थ ने बताया कि आरोपित कार को किराये पर लेकर यात्रियों को बैठाते थे और फिर लूट की वारदात को अंजाम देते थे, आरोपियों ने बताया कि लूटे हुए जेवर गहने अंजान व्यक्ति को बेच दिए थे। जिसके बदले में 20 हजार रुपए मिले थे। जिसे आपस में बांट लिया।सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने इस वारदात का खुलासा किया।पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रेम वर्मा पर लूट व आर्म्स एक्ट सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं।

# बस के टकराते ही कूद गए गए थे परिचालक रेहान, ड्राइवर से होगी पूछताछ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बेहता पुल के पास रोडवेज बस की दुर्घटना के मामले में पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ करेगी। आरोपी चालक ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है, जिसका इलाज चल रहा है। काकोरी पुलिस का कहना है कि मथुरा के बिजहारी, अराया निवासी नरदेव के पिता चंद्रदेव ने मथुरा के बिजहारी, अराया निवासी नरदेव के पिता चंद्रदेव ने कैसरबाग डिपो की बस संख्या यूपी78 एलएन 1340 के चालक पर केस दर्ज कराया था।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि छानबीन में सामने आया है कि बस अनिल कुमार वर्मा चला रहे थे। वहीं, बस पर परिचालक मो. रेहान थे। दुर्घटना के दौरान रेहान बस से कूद गए थे, जिससे उन्हें हल्की चोट आई। वहीं, अनिल गंभीर रूप से घायल हैं। अनिल की हालत में सुधार हो रहा है। अनिल से हादसे की वजह के बारे में पूछताछ की जाएगी। इसके आधार पर आगे की कार्यवाही होगी। उल्लेखनीय है कि तेज रफ्तार बस ने पांच लोगों को रौंद दिया था। हादसे में पांचों की मौत हो गई थी। वीहीं, बस में सवार 19 यात्री घायल हो गए थे। काकोरी में गुरुवार शाम बेहता नदी पुल के पास कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस 45 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि बस ने कई बार पलटी खाई और उसके पहिए ऊपर हो गए। बस में कुल 44 यात्री सवार थे। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक व परिचालक समेत 19 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को पहले काकोरी सीएचसी और फिर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल राहत-बचाव और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

# हरदोई हाईवे की सेफ्टी ऑडिट करेगी निजी कंपनी, सुधारी जाएंगी कमियां

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।गुड़गांव स्थित टीटीएल इंजीनियरिंग कंपनी के रोड विशेषज्ञ लखनऊ-हरदोई हाईवे का सेफ्टी ऑडिट करेंगे। इस दौरान सफर की सुरक्षा को लेकर यदि कोई कमी मिलती है तो उसे सुधारा जाएगा।एनएचआई ने गुरुवार को काकोरी में बेहता नाला के पास हुई रोडवेज बस दुर्घटना के बाद यह निर्णय लिया है।दुर्घटना में पांच की मौत हो गई थी और 19 लोग घायल हो गए थे। सेफ्टी ऑडिट के लिए एनएचआई ने टीटीएल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया है। सेफ्टी ऑडिट के दौरान कंपनी के रोड विशेषज्ञ देखेंगे कि जहां बस दुर्घटना हुई है, वहां सड़क की बनावट में कोई दोष तो नहीं है।

बेहता नाला पुल के पास मोड़ के पास बनी सड़क और डिवाइडर के कारण तो यह समस्या नहीं आई है। इसके अलावा इस हाइवे पर अन्य स्थानों को भी विशेषज्ञ देखेंगे। इस दौरान निर्माण को लेकर कोई दोष नजर आता है तो उसकी रिपोर्ट बनाकर एनएचआई को सौपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए निर्माणदायी संस्था से एनएचआई सुधार कार्य करवाएगी। आरपी इंफ्रास्ट्रक्रर करा रही है निर्माण लखनऊ-हरदोई हाइवे का निर्माण कार्य एनएचआई ने आरपी इंफ्रास्ट्रक्र को दिया है। बस दुर्घटना के बाद एनएचआई ने निर्माणदायी संस्था पर दो करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। साथ ही संबंधित इंजीनियर पर 50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है।यह जुमार्ना एनएचआई, लखनऊ कार्यालय की ओर से लगाया गया है। कोट- किसी भी हाइवे का निर्माण कार्य पूरा होने पर उसका सेफ्टी मेजर ऑडिट किया जाता है। यह भी देखा जाता है कि निर्माण के कारण पर्यावरण को तो क्षति नहीं पहुंच रही है। ऑडिट के दौरान यदि कोई कमी मिलती है तो उसे दूर किया जाता है।हरदोई हाइवे पर सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। ऑडिट रिपोर्ट में यदि किसी सुधार की बात कही जाती है तो उसे सुधारा जाएगा। कर्नल शरद सिंह, पीडी, एनएचआई, लखनऊ

# पत्रकारों का संकल्प : सुरक्षा, मान्यता और एकजुटता पर हुआ मंथन

अमन लेखनी समाचार

श्रद्धांजलि सभा के साथ सम्पन्न हुई निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक, पत्रकारों ने संगठन की मजबूती और हितों पर जताई एकजुटता

निगोहां। निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक शनिवार को श्रद्धांजलि सभा के साथ आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत प्रेस क्लब पदाधिकारी सुनील त्रिवेदी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हुई। उपस्थित पत्रकारों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय शुक्ला ने किया, जबकि अध्यक्षता पीजीआई प्रेस क्लब अध्यक्ष सरोज सिंह ने की। इस दौरान पचास से अधिक पत्रकारों ने भागीदारी कर संगठन की मजबूती, पत्रकार सुरक्षा, मान्यता और हितों को लेकर अपने विचार रखे।

सरोज सिंह ने कहा कि संगठित पत्रकारिता ही समाज और लोकतंत्र की असली ताकत है। उन्होंने सभी पत्रकारों से एकजुट रहकर पत्रकारिता की साख और सम्मान की रक्षा करने का आह्वान किया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक मंच से ही संभव है। वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मिश्रा ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि संघर्ष पत्रकारिता की परंपरा का हिस्सा रहा है और एकता ही हर चुनौती का हल है। नगराम क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार बृजराज सिंह ने कहा कि पत्रकारों को सक्रिय भूमिका निभाकर आगे की रणनीति तैयार करनी होगी। वहीं, पीजीआई क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार संतोष राय और शिवा मिश्रा ने कहा कि बदलते दौर में पत्रकारिता पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारी की मांग करती है। फेक न्यूज, दबाव और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों के बीच भी पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक रहकर कलम चलानी होगी।इस अवसर पर डॉ. शेर बहादुर यादव, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा ने भी अपने विचार रखे और संगठन की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष विमल सिंह के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता केवल खबर लिखने का कार्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का सबसे बड़ा दायित्व बन चुकी है। ऐसे समय में संगठन और एकजुटता ही पत्रकारों की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में अधिवक्ताओं और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर संयुक्त मोर्चा बनाने पर सहमति बनी। साथ ही, सरकार और प्रशासन तक पत्रकारों की समस्याएं पहुँचाने के लिए प्रतिनिधिमंडल गठित करने का निर्णय लिया गया। भविष्य में प्रशिक्षण कार्यशालाएं और संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा भी तय की गई। अंत में सभी पत्रकारों ने आगामी माह की 9 तारीख को अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया और संगठन को मजबूत करने के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

# साइबर ठगो ने फौजी के खाते से उड़ाए, 80 हजार रुपए

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के सैनिक बिहार कालोनी, रेवतापुर निवासी सूबेदार विजय भान यादव के खाते से साइबर जालसाजों ने 80,000 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर जानकारी दी कि उनका सेलरी खाता एसबीआई सदर बाजार लखनऊ कैन्ट की शाखा में है। विजय भान यादव ने बताया कि 5, 6 और 7 अगस्त 2025 को उनके खाते से कुल 80,000 रुपये की निकासी हो गई, जो बिना उनकी अनुमति के की गई। 5 अगस्त को 50,000 रुपये, 6 अगस्त को 20,000 रुपये और 7 अगस्त को 10,000 रुपये उनके खाते से कटे। बैंक की स्टेटमेंट में यह राशि एस के नासीर, रवी गुप्ता, योगेन्द्र, सन्नी, अंकुर और अजय के खातों में ट्रांसफर होती हुई पाई गई। पीड़ित की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जांच में जुटी हुई है।

## पीजीआई में युवक पर हमला, जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र, बरौली खलीलाबाद। शुक्रवार रात एक युवक पर गांव के ही दो लोगों ने हमला कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अखिलेश (20) पुत्र आशाराम अपने घर पर मौजूद था, तभी गांव के ही दो युवक, अभिषेक उर्फ पद्दल (पुत्र विजय कुमार) और अमित (पुत्र कल्लू) घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने बिना किसी वजह के अखिलेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर उसकी मारपीट करते हुए उसका सिर फोड़ दिया। जाते-जाते आरोपियों ने अखिलेश को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पीजीआई थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# पुलिस ने कुख्यात गिरोह पर दर्ज किया मुकदमा, मोहित रावत गैंग संगठित अपराध में लिप्त......

अमन लेखनी समाचार

निगोहा।संगठित अपराधों पर शिकंजा कसते हुए निगोहां पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी की तहरीर पर मोहित रावत गैंग के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है गैंग का सरगना मोहित रावत निवासी निगोहां बताया गया जो लंबे समय से अपने गिरोह के साथ इलाके में सक्रिय गैंग के खिलाफ थाना निगोहां में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस के अनुसार गैंग में शामिल आरोपी गिरोह बनाकर जमीनों की फर्जी खरीद-फरोख्त कर लोगों से ठगी करते थे और अवैध तरीके से आर्थिक भौतिक एवं अनुचित लाभ अर्जित करते मोहित रावत निवासी निगोहां दूसरे धीरज सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह, निवासी ग्राम जैतवारा थाना मोहनलालगज तीसरे भगीरथ प्रसाद पुत्र स्व. मातादीन, निवासी ग्राम दौलतपुर थाना गोसाईगंज, चौथे आदित्य कुमार पुत्र श्यामलाल, निवासी ग्राम अहमदपुर कलंदर पांचवे राजकुमार उर्फ लालचन्द पुत्र स्व.बाबूलाल, निवासी ग्राम सोहापुर मजरा अमेया थाना बख्शी का तालाब, लखनऊ,पुलिस की विवेचना में सामने आया है कि गैंग लीडर मोहित रावत अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लोगों की जमीनों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा जमाता था। यह गिरोह ठगी और जबरन वसूली कर लोगों में भय व आतंक का माहौल पैदा करता था। पीड़ित लोग गैंग के खिलाफ बोलने से डरते थे।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मोहित रावत और उसके साथी लंबे समय से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त थे। लोगों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सनी हत्याकांड में निगोहां पुलिस की बड़ी कार्रवाई ....

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र में हुए चर्चित सनी रावत हत्याकांड में पुलिस लगातार सक्रियता दिखा रही है शनिवार को पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया इस तरह पांच दिन पहले हुई सनसनीखेज वारदात के सभी आरोपी पुलिस की पकड़ में आ चुके हैं शनिवार को थाना प्रभारी अनुज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपित राजकपूर चौरसिया निवासी भद्दीखेड़ा और जयसिंह उर्फ कल्लू यादव निवासी कीर्तिखेड़ा मजरा कनकहा को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को थाने लाकर कड़ी पूछताछ की और विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी जीतू यादव के भाई देवेश यादव उर्फ बोग्गा और



साले संतोष यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### बीते पांच दिन में सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में पीड़ित परिवार ने जताई संतुष्टि

वहीं, मुख्य आरोपी और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर जीतू यादव ने पुलिस दबिश और गिरफ्तारी के दबाव में आकर गुरुवार को ही गुपचुप तरीके से एससी/एसटी कोर्ट में सरेंडर कर दिया था पूरे मामले की निगरानी एसीपी रजनीश वर्मा कर रहे उनके नेतृत्व और निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी की अगुवाई में गठित टीम लगातार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी पुलिस की सक्रियता और दबिश के चलते सभी आरोपियों का गिरफ्त में आना पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है पांच दिन पहले हुई इस वारदात में मृतक सनी रावत को लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा गया था और हत्या के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया था घटना के बाद से ही इलाके में दहशत और सनसनी का माहौल बना हुआ पीड़ित परिवार ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया है परिवार का कहना है कि ह्लपुलिस ने हमारी पीड़ा को समझते हुए लगातार मेहनत की और सभी आरोपियों को जेल की सलाखों तक पहुंचाया।अब हमें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।वहीं, गांव के लोग भी इस कार्रवाई से राहत महसूस कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्यशाला सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सरोजिनी नगर दक्षिण तीन की मंडल कार्यशाला मंडल कार्यालय वी स्क्वायर होटल मे सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक लखनऊ के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने मार्गदर्शन दिया।सरोजिनी नगर मण्डल 3 के कार्यक्रम संयोजक अमरपाल सिंह राठौर उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्या ने की।

मुख्य अतिथि वीरेंद्र प्रताप सिँह का स्वागत मण्डल अध्यक्ष विनोद मौर्या ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया उसके उपरांत मुख्य अथिति वीरेंद्र प्रताप सिंह ने जनसेवा के संकल्प के साथ बैठक मे आगामी ₹सेवा पखवाड़ा ₹ के सफल आयोजन एवं उसकी तैयारियो पर विस्तृत चर्चा की। बैठक मे अवध क्षेत्र की मीडिया प्रभारी रीना उपाध्याय, नगर से महिला मोर्चा से रश्मि सिंह,महानगर किसान मोर्चा के महामंत्री जितेंद्र सिंह,मंडल के महामंत्री शिव प्रकाश मिश्रा, ललित रावत, मण्डल उपाध्यक्ष प्रेम सिंह रावत, सरला सिंह, राधिका परिहार, विनय सुदन, मंडल मंत्री अर्चना बोहरा एवं अन्य समस्त पदाधिकारी,सरोजनीनगर विधानसभा के संयोजक सोशल मीडिया मोहन भटट, मण्डल के संयोजक सोशल मीडिया संतोष रावत, खरीका 2 पार्षद पति संजीव अवस्थी एवं शारदा नगर 2 पार्षद पति मनोज रावत , वार्ड अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सोशल मीडिया की विधानसभा एवं मण्डल की समस्त पदाधिकारी उपस्थित रही ।

# मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा अभियान, निगोहां मंडल ने बनाई रणनीति.......

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी निगोहां मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल वर्मा मौजूद रहे उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की और संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और भाजपा समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचकर जनसेवा को निरंतर अंजाम देती रही है। इस दौरान मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सेवा पखवाड़ा अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों में रक्तदान शिविर स्वास्थ्य परीक्षण वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान,जन-जागरूकता कार्यक्रम आदि पर विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला में पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, दीपू बाजपेयी, नवीन मिश्रा, प्रांशु चौरसिया, राजा राम वर्मा, चंदन सिंह, सज्जन सिंह, मनोज वर्मा, मनोज त्रिवेदी, अरुण वर्मा सहित मंडल के कई बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चलती ट्रेन से गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

## बिजली के खंभे से टकराने से हुई मौके पर ही मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दिल्ली से बिहार लौट रहे एक युवक की चलती ट्रेन से गिरने के कारण दर्दनाक मौत ने एक बार फिर रेल यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार देर रात रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथुलिया के पास हुआ।

शौचालय के लिए उठा, दरवाजे से गिर पड़ा। मृतक की पहचान दीपक कुमार (35 वर्ष), निवासी विगहा शंकरपुर, रोहतास, बिहार के रूप में हुई है। वह अपने जीजा राजकुमार और साले अमन कुमार के साथ आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) से ट्रेन में सवार होकर अपने गांव लौट रहा था।



मृतक दीपक फाइल – फोटो

जानकारी के मुताबिक, जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही कैथुलिया गांव के पास पहुँची, दीपक शौचालय जाने के लिए अपनी सीट से उठा। कोच के दरवाजे तक पहुँचते ही अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। दुर्भाग्यवश, गिरते ही उसका सिर रेलवे ट्रैक के किनारे लगे लोहे के बिजली के खंभे से टकरा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अंधेरे में तलाश, और फिर मिली दुखद खबर

जब काफी देर तक दीपक डिब्बे में नहीं लौटा, तो जीजा और साले ने आसपास के कोचों में उसकी खोज शुरू की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसी बीच एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा ट्रेन से गिरने की सूचना मिलने पर वे काफी देर बाद घटनास्थल पर पहुँचे, जहां उन्हें दीपक का शव पड़ा मिला।

### गांव में पसरा मातम, परिवार बेसुध

दीपक अपने पीछे पत्नी रीना देवी, बेटी साक्षी और दो बेटे झ्र हर्ष व शिवम को छोड़ गया है। उसकी असामयिक मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन सदमे में हैं और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

### रेलवे और पुलिस की भूमिका

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुँची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और परिजनों को सौंप दिया गया है।पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हादसा ट्रेन से गिरने के कारण हुआ प्रतीत होता है, लेकिन मामले की जांच की जा रही है।

### बड़ा सवाल: कब सुधरेगी ट्रेन की सुरक्षा व्यवस्था?

रेल यात्राओं में अक्सर ऐसे हादसे सामने आते हैं, जब यात्री चलते समय दरवाजे से गिरते हैं। कोच में दरवाजों की सुरक्षा, रेलिंग की मजबूती, और ऑटोमैटिक डोर सिस्टम की कमी जैसे कारणों से हर साल कई जिंदगियाँ असमय खत्म हो जाती हैं। आवश्यक है कि रेलवे इस दिशा में ठोस कदम उठाए और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे।

## संक्षेप

### स्कूटी सवार भाई बहन को बाइक सवार ने मारी टक्कर ,भाई बहन घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगौड़ा गांव से सिलेंडर भराकर वापस घर लौट रहे भाई बहन को नशे में धुत्त बाइक सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और भाई बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.इसी दौरान आसपास मौजूद लोगो ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेश से सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया.जहां दोनों का इलाज चल रहा है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कच्छियानपुरवा गांव निवासी अंकित पाल 23 वर्ष पुत्र रामपाल ,बहन अनामिका 18 वर्ष दोनों सिलेंडर भराकर वापस घर लौट रहे थे.इसी दौरान अलौलापुर गांव निवासी नशे में धुत्त नारायण ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी सवार भाई बहन दोनों घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है ।गांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर यह घटना घटी है ।फिलहाल परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

### दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत,बाइक सवार दंपति घायल




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के रघुरामपुर गांव के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस पट्टी पर शनिवार शाम पांच बजे दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई,टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए. और बाइक सवार दंपति घायल हो गए.आनन फानन में दोनों घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है ।जहां पर पति की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सहसरॉय गांव निवासी कुलदीप पुत्र श्रीकृष्ण उम्र 35 वर्ष अपनी बाइक से पत्नी को बैठाकर बांगरमऊ जा रहा था.इसी दौरान आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस पट्टी पर रघुरामपुर गांव के सामने अचानक आई बाइक से टक्कर हो गई.टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दंपति घायल हो गए.जिसमें पति कुलदीप की हालत नाजुक बताई जा रही है ।वही दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया है ।घायल कुलदीप की पत्नी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि तहरीरी मिली है फरार हुए वाहन की तलाश की जा रही है।

# शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट में मध्यावकाश के पश्चात शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा के साथ- साथ मानवीय मूल्यों के विकास पर बल देने और जीवन की प्रगति के लिए आवश्यक जीवन कौशलों को सीखने पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। गोष्ठी के दौरान समस्त अतिथि वक्ताओं को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। गोष्ठी प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों ने विद्यालय भ्रमण किया एवं क्रियाकलापों को जाना-समझा और सराहा। भ्रमण के दौरान कक्षा 8 की छात्रा स्वाती और अंश को बेहतर मानचित्र अभ्यास के लिए पुरस्कृत भी किया। विद्यालय के बच्चों के लिए खेलकूद के मैदान की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से विद्यालय बाउंड्री से लगी जमीन को विद्यालय हित में कृषि कार्य के बजाय खेल-कूद के लिए छोड़ देने का आग्रह मुन्ना सिंह , बक्सर ने भूमि स्वामी मनोज कुमार सिंह से किया साथ ही इसके बदले कृषि के लिए भूमि उपलब्ध कराने को कहा।जिसे मनोज कुमार सिंह ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। जिसका सभी ने तालियां बजाकर स्वागत किया।उत्तम शिक्षण कार्य के लिए अतिथियों ने विद्यालय के शिक्षकों अजीत कुमार सिंह, आशीष कुमार दीक्षित, मुकेश सचान, वीरेन्द्र कुमार, गोपाल यादव, उषा देवी एवं विनय शंकर शर्मा को सराहा एवं सम्मानित किया गया। शैक्षिक संगोष्ठी का संचालन सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने किया। शैक्षिक संगोष्ठी में अतिथियों शिवराम सिंह, सेवानिवृत्त, अभियंता, सी पी डब्लू डी सुरेन्द्र सिंह, एवं प्रेमशंकर शर्मा, सेवानिवृत्त प्रवक्ता, देवकृष्ण इण्टर कालेज, बारा सगवर बृजेश तिवारी, प्रधानाचार्य, एवं ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह (मुन्ना सिंह), प्रवक्ता नर्मदेश्वर इण्टर कालेज,रामबाग रायबरेली राजू सिंह राठौर, नवाचारी कृषक, बक्सर मनोज कुमार सिंह, लालबहादुर पब्लिक इंटर कालेज सहित बच्चे, अभिभावक और शिक्षक शामिल रहे।

# जल स्तर घटने के बाद भी निचले इलाको में स्थिति गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार सुबह जलस्तर 112.890 मीटर दर्ज किया गया।गुरुवार शाम को यह 113.230 मीटर था।शुक्रवार शाम तक घटकर 113.060 मीटर हो गया। पिछले रविवार को गंगा खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई थी। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का माहौल बन गया था।जलस्तर घटने के बावजूद निचले इलाकों में स्थिति अभी सामान्य नहीं हुई है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब तीन दर्जन मोहल्ले जलभराव से प्रभावित हैं। इनमें चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, कर्बला, हुसैन नगर समेत कई इलाके शामिल हैं।इन बस्तियों में लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद है। लोग अंधेरे और जलभराव में जीवन बिता रहे हैं।कई लोग रिश्तेदारों या सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं।स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।लेखपाल अशोक सैनी के अनुसार, प्रभावित इलाकों में लोगों की आवाजाही के लिए 100 नावों की व्यवस्था की गई है।जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि जैसे-जैसे जलस्तर घटेगा, वैसे-वैसे प्रभावित इलाकों में जलनिकासी कराई जाएगी। हालांकि, तब तक बाढ़ पीड़ितों को समस्याओं से जूझना पड़ना तय है।

## घर के बाहर खेल रहें मासूम को बाइक सवार युवक ने मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में साढ़े तीन वर्षीय मासूम की सड़क हादसे में मौत हो गई रजईखेड़ा पतारी गांव में शुक्रवार शाम को शटरिंग मजदूर अनिल वर्मा का बेटा देवराज उर्फ चिन्टू अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। करोवन गांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने चिन्टू को टक्कर मार दी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए हैलट रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे कानपुर के नॉर्थ स्टार मेडिकल सेंटर ले गए। शनिवार सुबह मासूम की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई ।मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां माधुरी, दादी रामदेवी, बाबा राजकुमार, बड़ी बहन पृथ्वी और भाई भरत का रो-रोकर बुरा हाल है।हादसे



के वक्त पिता अनिल घर से बाहर थे। मां माधुरी की शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## नवीन आशाओं का आठ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। मुख्यालय से 41 चयनित हुई आशा वर्कस को सीएचसी में नवीन आशाओं का आठ दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर टेनर सुभाष तिवारी, गरुणेंद्र सिंह, गणेश मिश्रा व राजेश कुमार ने आशाओं को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आशा के कार्यो का गांवों में घर घर जाकर सर्वे करना तथा सीएचसी स्तर पर प्रसव कराना तथा गांव स्तर पर बैठक करना होगा। वहीं ब्लॉक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर इसहाक अली ने आशाओं से कहा कि लगन से कार्य करे और जो ज़िम्मेदारी मिली है उसका बेहतर ढंग से निर्वाहन करे साथ ही स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी जन समुदाए को दे।वहीं मातृत्व शिशु एंव शिशु दर में कमी लाने के लिए आशाओं को बताया गया।बीसीपीएम इसहाक अली ने कहा कि प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया जाएगा जो पास होगा उसको प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशाओ में प्रीती, कीर्ति, निशा, राधारानी, सोनाली, संगीता, सरिता, रीता, पारुल तिवारी, सोनिका, रानी, समेत चयनित हुई 41 आशाओ को प्रमाण पत्र वितरण किया। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम 06 सितंबर से शुरू हुआ जहां 13 सितंबर को समापन किया गया।

## ब्लॉक कार्यकारिणी का किया गया गठन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित शिक्षक संगोष्ठी में संघ के जिलाध्यक्ष द्वारा रज्जू प्रसाद को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत कर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कराया।शिक्षकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कयामुद्दीन का जुलाई माह में जनपद के दूसरे ब्लॉक में स्थानांतरण हो जाने के कारण इस ब्लॉक में अध्यक्ष पद रिक्त था। जिस कारण संगठन की जिला कार्यकारिणी द्वारा आज ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में एक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय द्वारा क्षेत्र के सकतपुर नवीन विद्यालय के शिक्षक रज्जू प्रसाद को ब्लॉक ईकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय छंगाखेड़ा के शिक्षक अंजनी कुमार द्विवेदी को मंत्री पद पर मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष रज्जू प्रसाद को ब्लॉक



के शिक्षकों के प्रति सजग रहने और निष्ठा पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह, संजय सिंह आदि समेत जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी, शिक्षा मित्र संगठन से रानू कुमार आदि मौजूद रहे ।

# बोध परियोजना से संबंधित प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। गोखले सिंह राम जानकी सरस्वती विद्या मन्दिर हँसेवा में संकुल स्तरीय वैदिक गणित, विज्ञान प्रदर्शनी एवं संस्कृति बोध परियोजना से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में गणित प्रश्नमंच, वैदिक गणित प्रयोग, पत्रवाचन और गणित प्रदर्श जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वहीं विज्ञान प्रदर्श एवं नवाचार आधारित प्रयोग प्रतियोगिताओं के साथ शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर और तरुण वर्ग की प्रश्नमंच प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न हुईं ।प्रतियोगिताओं में हँसेवा के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। गणित और विज्ञान पत्रवाचन प्रतियोगिता में आचार्या बहनों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इस अवसर पर डॉ. उदित क्षेत्री, मिथिलेश सिंह, रणेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य आनंद सिंह, नैमिश सिंह, ब्रजेंद्र सिंह सहित आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम के आगमन पर मची रही अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुझेई में शनिवार दोपहर बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन को लेकर दिनभर प्रशासन आवारा पशुओं को हाईवे व लाल कुआं गांव मार्ग पर प्राइवेट आदमी लगाकर ताकता रहा।उपमुख्यमंत्री के 10 मिनट बाद वापस जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।दो दिनों से उपमुख्यमंत्री के दौरे को लेकर साफ सफाई व जन समस्याओं की सुनवाई के निस्तारण के साथ ही प्रशासन उनके आने के मार्ग पर आवारा पशुओ के हाइवे पर झुंड के झुंड घूमने को लेकर तेजाजी बनी हुई थी हाईवे पर उन पर जाने के समय पशुओं के झुंड न दिखाई पड़े इसको लेकर मिलने को लेकर मजबूत किले बंदी की गई थी। इसमें सफाई कर्मियों तथा कुछ अन्य प्राइवेट कर्मियों के साथ तहसील व ब्लाक के



कर्मचारियों को भी सिकंदरपुर से लेकर गांव तक तैनात किया गया था। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक पंचायत यूनियन के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राम जी यादव ने उपमुख्यमंत्री व प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री को 10 सूत्री ज्ञापन देकर रोजगार सेवकों को स्थाई सेवा प्रदान करने की मांग की गई है।

## मानसिक तनाव में आकर महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सर्वोदय नगर में एक विधवा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका की पहचान मीनू सिंह (35) के रूप में हुई है।वह अपने 15 वर्षीय बेटे ओम सिंह और 8 वर्षीय बेटी लवी सिंह के साथ रहती थी।करीब पांच वर्ष पहले मीनू के पति रज्जन सिंह की बीमारी से मृत्यु हो गई थी।पति की मृत्यु के बाद से मीनू मानसिक तनाव में थी।उस पर घर की जिम्मेदारियों के साथ बच्चों के पालन-पोषण का बोझ था।मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल पक्ष उसे लगातार प्रताड़ित करता था ।घटना का पता तब चला जब मीनू का बेटा ओम कमरे में गया। उसने मां को पंखे से लटका देखा और



चीखना शुरू कर दिया। आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे।पुलिस को सूचना दी गई।बिंदा नगर चौकी पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मृतका के भाई सोनू ने आरोप लगाया कि बहन के पति की मृत्यु के बाद कंपनी से मिला मुआवजा लखनऊनिवासी ननदोई ले गए। कई बार मांगने पर भी धनराशि वापस नहीं की।मायके पक्ष का कहना है कि आर्थिक तंगी और ससुराल वालों की प्रताड़ना के कारण मीनू ने यह कदम उठाया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रमुख चौराहे का नया नाम होगा गुरु गोविंद सिंह चौराहा



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर पालिका परिषद ने आईबीपी टंकी के पास स्थित प्रमुख चौराहे का नया नाम 'गुरु गोविंद सिंह चौराहा' रखने का निर्णय लिया है।यह नामकरण सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के सम्मान में किया जा रहा है। नगर पालिका ने चौराहे के सौंदर्गीकरण के लिए स्थान का चिन्हांकन पूरा कर लिया है। इस चौराहे को नया और आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। इससे शहर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को बल मिलेगा। कार्यक्रम में एडीएम अमिताभ यादव, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय गौतम और सहायक अभियंता रजपाल मौजूद रहे।इसके अलावा अवर अभियंता सुधीर कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुंवरप्रीत सिंह, अरविंदर सिंह, सुखबीर सिंह, मोती नगर सभासद ब्रजेश पाण्डेय, गद्दियाना सभासद मेराजुद्दीन और गांधी नगर सभासद दीपक दीक्षित मोनू समेत कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। तकी नगर सभासद अराफात बेग और सभासद प्रतिनिधि मनोज यादव भी मौजूद रहे।

## सड़क किनारे बड़े बड़े हो गए गढ्ढे राहगीर गिरकर होते चोटिल

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन किनारे की पटरी क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे सड़क किनारे बड़े-बड़े गढ्ढे हो गए हैं आने जाने वाले राहगीर आए दिन गिरकर चोटहिल हो रहे हैं सर्विस लाइन से प्रतिदिन अप डाउन करने वाले राहगीरों व दिहाड़ी मजदूरो ने बताया कि प्रतिदिन लखनऊ जाना होता है औरास से लेकर लखनऊ तक एक तरफ ही सर्विश लाइन बनी है। सिंगल सड़क पर दोनों तरफ से आवागमन अधिक होने के कारण सड़क किनारे बने गढ्ढे जानलेवा साबित हो रहे है। सर्विस लाइन का मेंटेनेंस कार्य न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यूपीडा के अधिशासी अभियंता राजेश तिवारी ने बताया की सर्विस लाइन किनारे की पटरी बारिश के कारण कही कही बह गई है जिससे गढ्ढे हो गए है कर्मचारी सर्वे कर रहे हैं जल्द ही मिट्टी भरने का कार्य किया जाएगा जिस जगह पर रोड छतीग्रस्त हो गई उसे भी बनाया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों से मौत हो गई। मृतका की पहचान श्वाति तिवारी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मिश्रा कॉलोनी, गंगाघाट की रहने वाली थी। श्वाति अपने पति अभिषेक तिवारी के साथ आदर्श नगर में किराए के मकान में रहती थी। शुक्रवार देर रात उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जांच में पता चला कि उसने जहर खा लिया था। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष उसे प्रताड़ित करता था। पति और सास आशा तिवारी उसके साथ मारपीट करते थे। उसे खाने-पीने तक को नहीं देते थे। बीमार होने पर भी इलाज नहीं कराते थे। पड़ोसियों ने भी देखा था कि उसे कमरे में बंद कर दिया जाता था ।श्वाति ने करीब 18 महीने पहले अपनी मर्जी से लव मैरिज की थी। मायके वालों का कहना है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया था। वह लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेल रही थी ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष की शिकायत पर पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में विधायक ने लोगो की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र के विधायक बंबा लाल दिवाकर ने आज अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक दिवाकर ने कहा कि जनता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। साथ ही आश्वासन दिया कि प्रभावित लोगों की हर संभव मदद की जाएगी। विधायक ने



कहा कि प्रत्येक नागरिक की समस्या उनके लिए एक दायित्व है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे जनता दर्शन के दौरान अपनी समस्याएं बेझिझक उनके समक्ष रख सकते हैं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## साइकिल सवार राजमिस्त्री को अनियंत्रित बाइक सवार ने मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



पाटन,थाना बिहार अन्तर्गत साइकिल से राजमिस्त्री का काम करने जा रहे अधेड़ उम्र के व्यक्ति को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उपचार दौरान मौत हो जाने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है ।थाना बिहार के गाँव देवाखेड़ा निवासी राजेन्द्र पुत्र जगदीश उम्र लगभग 45 वर्ष राजमिस्त्री का काम किया करता था। शनिवार शुबह करीब 10 बजे जब वह भटखेरवा गाँव के पास पहुँचा ही था तभी एक अनियंत्रित बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे राजेन्द्र सड़क पर गिर बुरी तरह घायल हो गया। डायल 112 व राहगीरों की मदद से उसे सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहा डॉक्टरों ने सौ बेड शैया बीघापुर रिफर कर दिया। बीघापुर अस्तपताल पहुचते ही डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है जबकि बाइक सवार घटनास्थल पर ही बाइक छोड़ भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया परिजनों ने अभी तहरीर नही दी है । तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी ।दिवंगत के तीन पुत्र अनूप, आनंद व अर्पित है जबकि पूनम व सोनी दो पुत्रियां भी है । सभी अविवाहित है। पत्नी कमला अपने सुहाग को उजड़ता देख दहाड़ मार रोए जा रही थी।

## सम्पादकीय

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद रक्षा क्षेत्र का सिरमौर बनता भारत

वो भी समय था, जब भारत अपनी रक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से रूस व अन्य देशों पर निर्भर था। यहां तक कि गोला बारूद तक के लिए विदेशी रक्षा उपकरण निर्माताओं की तरफ झोली फैलानी पड़ती थी। इतना ही नहीं, भारी भरकम रकम देने के बाद भी रक्षा उपकरण देने में भी लगातार देरी सहन करनी पड़ती थी। अब हालात बदलने लगे हैं। ऐसा भी नहीं है कि हम सौ फीसदी आत्मनिर्भर हो गए हैं, लेकिन हालात वो भी नहीं रहे, जो दो दशक पहले तक थे। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, रक्षा उत्पादन और निर्यात संवर्धन नीति जैसे बड़े रणनीतिक फैसलों के कारण घरेलू रक्षा उत्पादनों को बहुत हद तक प्रोत्साहन मिला है। रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी भी अपेक्षाकृत बढ़ी है और सार्वजनिक उपक्रमों की उत्पादन क्षमता में खासा सुधार आया है। इसमें एमएसएमई ने भी योगदान दिया। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि इस कारण 2013-14 में जहां 686 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये हो चुका है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में भी 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। साफ नजर आता है कि देश रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में तेज से उभर रहा है। इसी कारण वैश्विक मंचों पर भी भारत की छवि मजबूत होती जा रही है। हाल में लोवी इंस्टीट्यूट पावर इंडेक्स की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि रक्षा क्षेत्र में भारत दुनिया के सिरमौर देशों की कतार में खड़ा होने की तैयारी में है। देश आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में तेजी से तरक्की कर रहा है, इस तथ्य की पुष्टि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हुई, जब ब्रह्मोस मिसाइलों और ड्रोन रोधी स्वदेशी प्रणाली आकाशतीर ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अब तक हमें आमतौर पर यही लगता था कि ऑपरेशन सिंदूर ने सैन्य क्षेत्र में भारत की नई और उभरती ताकत से पूरी दुनिया का परिचय करवाया है। जिस तरह से सिर्फ चार दिनों के भीतर भारतीय सशस्त्र सेना ने पाकिस्तान का गेम ओवर किया, उससे खुद को सुपर पावर कहने वाले देश भी हक्के-बक्के रह गए। लेकिन, अब ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ हमारी सैन्य ताकत को ही बयां नहीं किया, रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी भारत के लिए नए द्वार खोल दिए हैं। भारत आज अमेरिका, रूस, फ्रांस समेत 100 से ज्यादा देशों को सैन्य हथियार और रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। भारत के जिन हथियारों की अंतरराष्ट्रीय सैन्य बाजार में ज्यादा डिमांड है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनकी फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। फिलीपींस इसका पहले से खरीदार था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में शानदार प्रदर्शन की वजह से करीब 15 देश इसे खरीदने के लिए लालायित हो रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि भारत के रक्षा उपकरण न केवल सटीक हैं बल्कि गुणवत्ता पर भी खरे उतरते हैं। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो खलता है। इस प्रगति के बावजूद रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को घटाना अभी भी चुनौती बना हुआ है। इन प्रयासों को बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में मेहनत करनी होगी और निवेश भी बढ़ाना होगा। छोटे और मध्यम उद्यमों को रक्षा उत्पादन में और अवसर देने होंगे। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार की प्रतिस्पर्धा का भी ध्यान रखना होगा। यह तभी संभव है जब हम रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन देंगे और सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर साझेदारी, नए बाजारों की खोज और रक्षा स्टार्टअपों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।

# समता व बंधुत्व को समर्पित जीवन



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विज़न और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, डॉ. मोहन भागवत इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं। उनके स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वे मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है। डॉ. भागवत हमेशा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रबल पक्षधर रहे हैं। वैसे बहुत कम लोगों को ये पता है कि डॉ.भागवत अपनी व्यस्तता के बीच संगीत और गायन में भी रुचि रखते हैं। वे विभिन्न भारतीय वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं।

आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व बंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्म दिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे डॉ. मोहन भागवत का आज जन्मदिन है। यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं डॉ. भागवत को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

मेरा डॉ. मोहन भागवत के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता, स्वर्गीय मधुकर राव भागवत के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक 'ज्योति पुंज' में मधुकर राव के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकर राव जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी। मधुकर राव का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहन राव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकर राव ने मोहन राव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी।

डॉ. भागवत का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। डॉ.भागवत ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में डॉ. मोहन भागवत के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेह पूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में डॉ.भागवत ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे।

सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि डॉ. मोहन



भागवत ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है। डॉ. भागवत का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं।

श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये डॉ.मोहन की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में डॉ.भागवत का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए।

कोरोना काल में डॉ. मोहन भागवत के प्रयास विशेष रूप से याद आते हैं। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा, लेकिन डॉ.भागवत की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी।

इस वर्ष की शुरुआत में, मैंने नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है। इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर डॉ. मोहन भागवत का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व-बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी। पिछले दिनों देश में जितने सफल जन-आंदोलन हुए चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, डॉ. मोहन भागवत ने पूरे संघ परिवार को इन आंदोलनों में ऊर्जा भरने के लिए प्रेरित किया। मैं पर्यावरण से जुड़े प्रयासों और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को जानता हूं।

डॉ. भागवत का बहुत जोर आत्मनिर्भर भारत पर भी है। कुछ ही दिनों में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष का हो जाएगा। यह भी सुखद संयोग है कि विजयादशमी का पर्व, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और संघ का शताब्दी वर्ष एक ही दिन आ रहे हैं। यह भारत और विश्वभर के लाखों स्वयंसेवकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमारे पास डॉ. मोहन भागवत जैसे दूरदर्शी और परिश्रमी सरसंघचालक हैं, जो ऐसे समय में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक युवा स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी जीवन यात्रा उनकी निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता को दर्शाती है। विचार के प्रति पूर्ण समर्पण और व्यवस्थाओं में समयानुकूल परिवर्तन करते हुए उनके नेतृत्व में संघ कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है। मैं मां भारती की सेवा में समर्पित डॉ. मोहन भागवत के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूं। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।



डॉ. योगिता राघव

# विवेकानंद के शिकागो भाषण को अपने जीवन में उतारें

शिकागो में 11 सितम्बर 1893 के ऐतिहासिक दिन विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने अपने अविस्मरणीय, अविश्वसनीय, अद्वितीय व ऐतिहासिक भाषण से न केवल भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर स्थापित किया, बल्कि पूरी दुनिया को सहिष्णुता, सार्वभौमिकता और मानवता का अमूल्य संदेश दिया और भारत के युवाओं में एक नई चेतना और आत्मविश्वास का संचार भी किया। "मेरे अमेरिकी बहनों और भाइयों" कहकर जैसे ही उन्होंने अपना संबोधन प्रारंभ किया, सभागार गगनभेदी तालियों से गूंज उठा। यह भाषण केवल शब्दों का संगम नहीं था, बल्कि भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, भाईचारे और विश्व बंधुत्व का उद्घोष था। आज, 132 वर्ष बाद भी यह उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। स्वामी विवेकानंद ने स्पष्ट कहा कि भारत केवल सहिष्णुता का ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करने का देश है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत ने सदैव सताए गए और शरणार्थी समुदायों, चाहे वे यहूदी हों या पारसी, को खुले हृदय से अपनाया है। यह विचार आज की दुनिया के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जहां कट्टरता और संकीर्णता के बीच शांति और सद्भाव का मार्ग खोजा जा रहा है। विवेकानंद ने अपने भाषण में कट्टरता और हठधर्मिता को मानव समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि इनसे धरती बार-बार खून से लाल हुई है और सभ्यताएं मिट गई हैं। अब समय आ गया है जब मानवता को ऐसे दानवों से मुक्त होकर भाईचारे और एकता की ओर बढ़ना होगा। विश्व धर्म सम्मेलन दुनिया को यदि कुछ दिखा सकता है तो वह होगा, धर्मों की पवित्रता, शुद्धता और पुण्यता, क्योंकि धर्मों से ही इंसान के चरित्र का निर्माण होता है। यदि धार्मिक एकता के समय भी कोई यह सोचता है कि उसी के धर्म का विस्तार हो और दूसरे धर्मों का विनाश हो तो ऐसे लोगों के लिए मुझे दिल से लज्जा महसूस होती है। स्वामी विवेकानंद



केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक भी थे। उन्होंने भारत के युवाओं को प्रेरित करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। उनका प्रसिद्ध मंत्रः "उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" आज भी हर युवा के लिए जीवन का मार्गदर्शन है। उनका विश्वास था कि आत्मविश्वास और साहस के बल पर युवा न केवल अपना भविष्य गढ़ सकते हैं, बल्कि राष्ट्र को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। विवेकानंद का संदेश केवल धार्मिक एकता का आह्वान नहीं था, बल्कि यह युवाओं के लिए भी दिशा-निर्देश था। उन्होंने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने तथा जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। वह चाहते थे कि युवा भारत को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक साथ आएं। आज का युवा डिजिटल युग में अवसरों के साथ-साथ बेरोजगारी, तनाव और पहचान के संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में विवेकानंद का शिकागो भाषण युवाओं को आत्मबल देता है और याद दिलाता है कि वे उस महान संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, जिसने दुनिया को शांति, सहिष्णुता और मानवता का पाठ पढ़ाया है। उनके विचारों का अनुसरण करके, युवा न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज भी कई संगठन ज़मीनी स्तर पर आगे बढ़ा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जैसे छात्र संगठन विवेकानंद के इन्हीं विचारों को ज़मीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। एबीवीपी का मूल मंत्र, छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति, सीधे विवेकानंद के उस दर्शन से जुड़ा है जिसमें उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा उपकरण माना था। एबीवीपी युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रहा है। स्वामी विवेकानंद ने जो विचार दिए

## मृत्यु के उपरांत ही समाप्त होती है यात्रा



संकलित
**दर्शन**

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## विचार अच्छे नहीं तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### राहुल कांग्रेस का खोया गौरव लौटाने को बेताब

राहुल कांग्रेस के खोए गौरव को लौटाने बेताब राहुल ने उतरप्रदेश में पहला रोड शो अपने बहन प्रियंका गांधी के साथ मिलकर तैयार की गई पठकथा से भटके बिना की हो। लोगो से हाथ मिलाना और जातिविहीन समाज सरीखे उदार मुद्दे उठाना राहुल का क्रम बन चुका है। लेकिन उनको पता लग पाता है तब तक वे कुछ न कुछ ऐसा बोल जाते है, जो मुद्दा बन जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने के लिए राहुल को बडी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह आसान भी नही है। राहुल ब्रांड बिहार की धूल घुसरित गलियों में उतार दिया गया। दरअसल,गांधी परिवार होने के बावजूद कांग्रेस को उनसे उम्मीदे बेहिसाब है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन में सिख विरासत के संरक्षण का आह्वान

पूर्व राज्यसभा सदस्य सरदार तरलोचन सिंह ने ब्रिटिश सिख सांसदों और उनके साथियों से महाराजा रणजीत सिंह के बिखरे हुए खजानों पर प्रामाणिक शोध कराने का आह्वान किया है ताकि उन्हें उचित रूप से सूचीबद्ध किया जा सके और भावी पीढ़ियों के लिए एक संग्रहालय में संरक्षित किया जा सके। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोमवार शाम लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में ब्रिटिश सिख एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह (92) ने उन खबरों की ओर इशारा किया जिनमें औपनिवेशिक काल की एक फाइल का खुलासा हुआ था



## ऑफ बीट

### दांतों की दैनिक सफाई में छिपा प्लास्टिक संकट

दांतों की नियमित सफाई, फ्लॉसिंग और छह महीने में एक बार दंत चिकित्सक से दांतों की जांच कराना। ये सभी दांतों की सफाई के लिए जरूरी कदम माने जाते हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ये दैनिक आदतें अनजाने में पृथ्वी पर माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ावा दे रही हैं। शोध से पता चला है कि टूथपेस्ट, फ्लॉस, टूथब्रश और दंत चिकित्सकों द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री के माध्यम से हर दिन माइक्रोप्लास्टिक के अरबों कण जल प्रणाली में पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि प्लास्टिक माइक्रोबीड पर कई देशों में प्रतिबंध लग चुका है, लेकिन आज भी कई टूथपेस्ट में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद होते हैं।



## ट्रेंड

### रेल सेवाओं का विस्तार

आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन के अनुरूप हम देशभर में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसी दिशा में भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई है। इससे यहां के लोगों का जीवन आसान होगा।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### प्रकृति का विकास

हम बीटीआर में न केवल बुनियादी ढाँचे के विकास और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस खूबसूरत क्षेत्र में प्रकृति का विकास हो। सरकार ने प्राकृतिक परिवेश की रक्षा और पशु-पक्षियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### युवक को न्याय मिले

निर्मम भाजपा सरकार से हताश होकर एक युवा ने आत्मदाह के द्वारा सरकार को जगाने के लिए जो कोशिश की है वो बेहद दर्दनाक है। भाजपा सरकार घायल युवक को अच्छे से अच्छा इलाज-उपचार सुनिश्चित करे और युवक को न्याय प्रदान करे।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



### काठमांडू में फंसे यात्री

यह बेहद चिंताजनक है कि नेपाल में बिगड़े हालातों के बीच, बड़ी संख्या में राजस्थान के यात्री काठमांडू में फंसे हुए हैं। प्रदेश सरकार को वहां फंसे यात्रियों को सुरक्षित राजस्थान लाने का इंतजाम करना चाहिए।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान



## संक्षेप

### विकसित भारत 2047 पर विचार गोष्ठी

**सेवानिवृत्त अधिकारियों और शिक्षाविदों ने छात्रों से मांगे सुझाव, केएनआईटी में हुआ कार्यक्रम**

सुलतानपुर, विकसित भारत 2047 की अवधारणा पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन केएनआईटी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईपीएस दुर्गा चरन मिश्र, सेवानिवृत्त आईएफएस भारत लाल और लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता अशोक कनौजिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह, केएनआई सुलतानपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद और केएनआईटी प्राचार्य राजीव कुमार उपाध्याय ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। श्री दुर्गा चरन मिश्र ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए छात्रों, अध्यापकों और शिक्षाविदों के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति - इन तीन प्रमुख विषयों पर 12 सेक्टर में सुझाव मांगे हैं। विचार गोष्ठी में इलेक्ट्रॉनिक विभाग के विभागाध्यक्ष ने तकनीकी नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने का सुझाव दिया।

### निरीक्षक राकेश शर्मा को मिला प्रमोशन

**जनसूचना सेल के अधिकारी बने डीएसपी, एसपी-एएसपी ने लगाई स्टार**

सुलतानपुर, पुलिस विभाग में जनसूचना सेल में तैनात निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नति मिली है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने शर्मा के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। राकेश कुमार शर्मा पुलिस विभाग में अपनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते हैं। जनसूचना सेल में कार्यरत रहते हुए उन्होंने आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। साथ ही पुलिस की छवि को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चांदा-कादीपुर मार्ग पर सड़क हादसा

**महिला को वाहन ने टक्कर मारी, जिला अस्पताल रेफर**

सुलतानपुर, चांदा-कादीपुर मार्ग पर एक महिला सड़क हादसे का शिकार हो गईं। चांदा के अरजो गांव की कलावती मौर्या सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर पड़ीं और उन्हें चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल कलावती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

उन्होंने महिला की स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय सुलतानपुर रेफर कर दिया।

# जनमत रक्तदान की 66 वीं श्रृंखला में 15 महिलाओं समेत 75 ने किया रक्तदान

## नेपालगंज में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। पड़ोसी देश नेपाल के नेपालगंज में गोपाल-नीना फाउंडेशन नेपाल और जनमत अर्ध-साप्ताहिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों, पत्रकारों, दवा पेशेवरों, माई फिटनेस जिम क्लब के प्रशिक्षुओं और नियमित रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ₹रक्तदान ही जीवन है₹ के नारे के साथ, जनमत की 66वीं श्रृंखला के तहत शनिवार को संपन्न हुए इस कार्यक्रम में 15 महिलाओं समेत 75 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान कार्यक्रम का उद्घाटन गोपाल-नीना फाउंडेशन, नेपाल के संस्थापक अध्यक्ष, वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. गौरव श्रेष्ठ, फाउंडेशन के सह-निदेशक डॉ. त्रिपतीपाल रमन और हेल्थ याद आयो मोबाइल ऐप कंपनी के सीईओ प्रज्वल चुके ने नेरेसो, प्रांतीय रक्त संचार केंद्र प्रमुख उपेंद्र रेग्मी और तकनीशियन महेश राणा छेत्री को रक्त संग्रह पैकेट सौंपकर किया। इस अवसर पर, रक्तदाताओं को फाउंडेशन की सह-निदेशक डॉ. तृप्ति पाल रमन, नेपाल वालंटियर ब्लड डोनर सोसाइटी बांके की अध्यक्ष दिला शाह, जनमत अर्ध-साप्ताहिक के संपादक पूर्णलाल चुके, राप्ती सोनारी ग्रामीण नगर पालिका वार्ड क्रमांक 6 के वार्ड अध्यक्ष और नेपाल वालंटियर ब्लड डोनर सोसाइटी राप्ती सोनारी के सलाहकार लव राज खरेल, हेल्थ याद आयो मोबाइल ऐप कंपनी के कार्यकारी प्रमुख प्रज्वल चुके, फाउंडेशन कार्यालय प्रमुख दिलीप गिरी और वरिष्ठ पत्रकार शंकर प्रसाद खनाल ने टी-शर्ट प्रदान की।इस कार्यक्रम को नेपाल रेड क्रॉस सोसाइटी बांके शाखा द्वारा संचालित प्रांतीय रक्त आधान सेवा केंद्र के प्रमुख उपेंद्र रेग्मी, होमराज गिरी, महेश राणा छेत्री, हीरा बीके, पवित्र जायसी, संजय बदाही और बीरेंद्र योगी ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में वालंटियर ब्लड डोनर सोसाइटी बांके के कोषाध्यक्ष मनमोहन वर्मा, आजीवन सदस्य कृष्णा खत्री, ज्योति बुद्धा और अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वैच्छिक रक्तदाता सोसायटी बांके के सलाहकार शतक रक्तदाता पवन जायसवाल, गोपाल-नीना फाउंडेशन के अनुसंधान अधिकारी प्रतिभा पौडेल व अनूप आर्य, अन्नपूर्णा गैस्ट्रो केयर हॉस्पिटल की कर्मचारी दक्षिणा छेत्री, रोशनी राणा मगर, पवित्रा थापा मगर आदि ने सक्रिय सहयोग दिया।

# नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। नेपाल ने अपने राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। देश की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शुक्रवार को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। उन्हें संविधान के अनुच्छेद 61 के तहत यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्की का कार्यकाल अंतरिम स्वरूप का होगा और उनका मुख्य दायित्व आगामी छह महीने के भीतर आम चुनाव कराना है। हाल ही में हुए जबरदस्त जनआंदोलन और राजनीतिक संकट के बाद संसद को भंग कर दिया गया था, जिससे स्थायी सरकार का गठन असंभव हो गया था। पिछले कुछ महीनों से नेपाल में ह्लजेन जी आंदोलनह्व के तहत बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। इस आंदोलन ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पुरानी राजनीतिक पार्टियों की नाकामी के खिलाफ आवाज उठाई। आंदोलन हिंसक हो गया जिसमें दर्जनों लोगों की मौत और हजारों घायल हुए। इसी उथल-पुथल के बीच तत्कालीन सरकार को इस्तीफा देना पड़ा और अंतरिम नेतृत्व की जरूरत महसूस हुई। सुशीला कार्की वर्ष 2016 में नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनी थीं। अपने न्यायिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उनकी निष्पक्ष छवि और सख्त स्वभाव के कारण ही उन्हें इस संवेदनशील समय में देश की बागडोर सौंपी गई है। अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्की के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ हैं। देश में कानून व्यवस्था बहाल करना और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करना। जेल से फरार हुए हजारों कैदियों को पकड़ना। जनता का भरोसा जीतते हुए पारदर्शी चुनाव कराना। प्रमुख राजनीतिक दलों और आंदोलनकारी युवाओं के बीच संतुलन बनाए रखना। नेपाल की मौजूदा स्थिति पर भारत, चीन और पश्चिमी देशों की कड़ी नजर है। राजनीतिक स्थिरता न केवल नेपाल के लोकतंत्र के लिए, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और सहयोग के लिए अहम मानी जा रही है।

# हाइवे पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत व चार गम्भीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से जहां एक की मौत हो गई वही चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नानपारा लखीमपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ट्रक की ठोकर से एक की मौके पर मौत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मोतीपुर पुलिस द्वारा सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मोतीपुर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने के कारण घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रिफर कर दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गूढ़ निवासी आयशा बेगम पत्नी सुलेमान उम्र 35 वर्ष तायबा पत्नी बरसाती उम्र 30 वर्ष अनस पुत्र सुलेमा उम्र 5 वर्ष अकरम पुत्र सुलेमान उम्र 7 वर्ष मोहम्मद रजा 8 वर्ष पुत्र बरसाती नानपारा लखीमपुर हाईवे किनारे गूढ पेट्रोल पंप के पास अपने खेत गए हुए थे। शनिवार दोपहर लगभग 2:30 बजे ये चारों खेत से वापस आ रहे थे जैसे ही यह सभी लोग नानपारा लखीमपुर हाईवे के किनारे पहुंचे तभी नानपारा की तरफ से लखीमपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ठोकर मारकर रौंदते हुए मौके से फरार हो गयी। जिससे मोहम्मद रजा 8 की मौके पर मौत हो गई जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मोतीपुर पुलिस व परिजन मौके पहुंचे और सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी मोतीपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रिफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष मोतीपुर आनन्द कुमार चौरसिया ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन का पता लगाया जा रहा है तथा मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु बहराइच भेज दिया गया है।

# प्रशिक्षण मे एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षण की दी गई जानकारी

## बीआरसी बाबागंज मे चल रहा पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के ब्लॉक संसाधन केंद्र बाबागंज मे परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षामित्रों का एफएलएन व एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित चौथे चक्र के सातवें व आठवें बैच के प्रशिक्षण सत्र का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार मिश्रा, जितेन्द्र बहादुर, अभिषेक कुमार मौर्य व रवीन्द्र यादव ने प्रतिभागियों को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान के साथ-साथ एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तक आधारित शिक्षण नीतियों व भारतीय ज्ञान प्रणाली की जानकारी दी। संदर्भदाता शैलेन्द्र कुमार व अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के आलोक में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सुनियोजित रणनीतियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्तमान शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित कक्षा 3 की भाषा, गणित व अंग्रेजी की नवीन पाठ्य पुस्तकों वीणा, गणित मेला व संतूर की विषयवस्तु तथा कक्षा 4 व 5 में संदर्शिका आधारित भाषा-गणित शिक्षण की नीतियों की जानकारी देना एवं शिक्षकों को बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान के बारे में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें। इस दौरान रोचक गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 100 शिक्षक व शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के समापन दिवस को संबोधित करते हुये बीईओ राधेश्याम वर्मा ने कहा कि सभी शिक्षक, शिक्षामित्र इस प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का विद्यालय में सम्यक उपयोग करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देंने का कार्य करें।

# सरस्वती नगर में सड़क निर्माण ठप, 18 माह से इंतजार में वार्डवासी

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा के वार्ड नंबर 15 सरस्वती नगर में डूडा विभाग की लापरवाही से वार्डवासी परेशान हैं। करीब 18 महीने पहले डूडा ने यहां तीन सड़कों की नापी की थी, लेकिन आज तक उनका निर्माण शुरू नहीं हो सका। बरसात में कच्ची सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कत होती है। दो दिन पहले वार्ड के रामकिशुन पुत्र जानकी सोनी कीचड़ में फिसलकर घायल हो गए। उनके परिजनों ने इलाज पर एक लाख रुपए से अधिक खर्च किया है और अब सवाल उठा रहे हैं कि इस खर्च की भरपाई कौन करेगा।



वार्ड के लोगों ने डूडा विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि विभाग सड़क नहीं बना सकता तो इसे रद्द करे ताकि नगर पंचायत प्रस्ताव भेजकर निर्माण कार्य करा सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे।

वार्ड के सभासद प्रतिनिधि रईस अहमद ने भी यही मांग दोहराई है। जबकि नगर पंचायत रूपईडीहा के चेयरमैन प्रतिनिधि अश्विनी वैश्य ने स्पष्ट किया कि जब तक डूडा योजना रद्द नहीं करता, तब तक नया प्रस्ताव नहीं भेजा जा सकता।

# 15 को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेगा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

## उच्चतम न्यायालय का निर्णय सिर्फ भविष्यलक्षी रूप से लागू हों: आनन्द मोहन मिश्र

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा 1 सितम्बर 2025 को आए उच्चतम न्यायालय के आदेश में टीईटी अनिवार्यता के निर्णय से देश के 20 लाख से अधिक शिक्षकों की सेवा,सुरक्षा व गरिमा पर आए संकट के समाधान हेतु प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की है। किसी परिपेक्ष में 15 सितंबर (सोमवार) को जनपद के हजारों शिक्षको की मौजूदगी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के बैनर तले जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर टीईटी समस्या समाधान का आग्रह किया जाएगा। कार्यक्रम के बावत जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने कहा है कि यह स्थिति कई वर्षो से अनवरत सेवारत शिक्षकों के मनोबल को तोड़ने वाली है और पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर डालेगी पूर्व से सेवारत शिक्षकों पर ळएळ की अहर्ता लागू किया जाना उचित नहीं है क्योंकि जब नियुक्ति हुई थी तो उस समय की सभी अहर्ताएं शिक्षक पूरी कर रहे थे,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रधानमंत्री से आग्रह है कि, टीईटी अहर्ता का यह निर्णय केवल भविष्यलक्षी रूप से लागू हो।वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा ने बताया है कि इस निर्णय से देश भर के लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित होंगे इसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा आवश्यक परिवर्तन करके पूर्व से सेवारत शिक्षकों को मुक्त रखा जाए। जिन्होंने वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत नियुक्ति प्राप्त की थी उनकी सेवा अब असुरक्षित हो गई है। वही महामंत्री उमेश चंद त्रिपाठी ने बताया है देश भर में 15 सितंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा,जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी ने कहा कि, टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा सुरक्षा व गरिमा की रक्षा की जाय आवश्यक नीतिगत या विधायी उपाय कर लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित बनाया जाए।

# नेपाल पुलिस ने आंदोलन में हुई आगजनी और लूटपाट के सबूत जुटाने के लिए नागरिकों से मांगा सहयोग

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नेपाल पुलिस ने हाल ही में देश भर में हुए जेड-जेन (Gen-Z) आंदोलन के दौरान आगजनी और लूटपाट से संबंधित सबूत जुटाने के लिए नागरिकों से सहयोग मांगा है। घटना की तिथियाँ: ये घटनाएँ भादौ 23 और 24 (लगभग 8 और 9 सितंबर 2025) को काठमाडौं उपत्यका और अन्य स्थानों में हुईं। मांगे गए सबूत: पुलिस ने वीडियो, फोटो और सोशल मीडिया लिंक जैसी सामग्री मांगी है, जो इन घटनाओं का दस्तावेजीकरण करती हों। सबूत भेजने का तरीका: जिनके पास संबंधित सामग्री है, उन्हें इसे nepalpoliceinfo@gmail.com पर ईमेल करने के लिए कहा गया है। गोपनीयता का आश्वासन: पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि सबूत भेजने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। नेपाल पुलिस का यह कदम नागरिकों से सहयोग लेकर सड़कों पर हुई हिंसा और तोड़फोड़ के मामलों में न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास माना जा रहा है।



# फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के मुखिया ने श्रमिक बेटियों संग किया भोजन

## पर्यावरण संरक्षण की दी जानकारी, भेंट की चटाई



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शनिवार फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से विहान बालिका आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को भोजन करने के लिए 30 मीटर दरी (टाट पट्टी) प्रदान की गई।इस अवसर पर फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के मुखिया बीडी लखमानी एवं उनके सहयोगी राजीव सिन्हा ने श्रमिक बेटियों संग बैठकर दोपहर का भोजन किया एवं बालिकाओं को टाफी वितरित की। इसके साथ ही फ्रेंड्स आप कतर्नियाघाट के मुखिया बीडी लखमानी ने बच्चों को पर्यावरण वन एवं वन्य जीव संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी।इस अवसर पर शिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, शिक्षिकाओं में निधि दुबे, श्रृद्धा रैकवार, प्रियंका श्रीवास्तव एवं भूरत्न प्रभा मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता से शिक्षकों की नौकरी पर संकट

## सुल्तानपुर में तिकोनिया पार्क में शिक्षको का प्रदर्शन, प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) को अनिवार्य करने के आदेश से उत्तर प्रदेश में करीब दो लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। इस आदेश के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा ने लखनऊ में जिलाध्यक्षों और मंत्रियों की आपात बैठक बुलाई। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों को तक टीईटी, नॉन टीईटी, बीटीसी, विशिष्ट बीटीसी, प्रशिक्षणमुक्त, इंटर पास और उर्दू मुअल्लिम श्रेणियों का विस्तृत डाटा मांगा है। शिक्षक संघ 16 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि जब उनकी नियुक्ति सरकारी मानदंडों के अनुसार हुई थी, तो अब सेवा के बीच में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता उचित नहीं है। कुड़वार ब्लॉक में हुई बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान ने शिक्षकों से संयम बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि संघ शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार है। विशेष रूप से 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों की स्थिति पर विचार किया जाएगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

## बुलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, घायलों का इलाज जारी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जायस-जगदीशपुर मार्ग पर सेठी तालाब के पास नगर पालिका के पंप नंबर 2 के निकट एक बुलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में चंद्रकेश और अखिलेश (दोनों राम नरेश मौर्या के पुत्र) तथा कुलदीप (महेश के पुत्र) शामिल थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे और बुलेरो ने उन्हें रौंद दिया। राहगीरों ने तुरंत डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस के पहुंचने पर तीनों घायलों को जिला अस्पताल असैदापुर गौरीगंज ले जाया गया। चंद्रकेश और अखिलेश की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें एम्स रायबरेली रेफर किया गया। वहां से दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां चंद्रकेश की मौत हो गई। मौके पर मौजूद अवधेश और संतोष के अनुसार, घायल व्यक्ति नगरपालिका क्षेत्र के मौलवी का पुरवा जा रहे थे। कोतवाली पुलिस ने बताया कि अभी तक घटना की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सामान्य, शुरू हुआ माल वाहक गाड़ियों का आवागमन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर




रूपईडीहा, बहराइच। नेपाल में हाल ही में हुए आंदोलन और उपद्रव के कारण भारत-नेपाल सीमा पर मालवाहक गाड़ियों का आवागमन रोक दिया गया था। स्थिति सामान्य होने पर अब इन गाड़ियों को रूपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट से कस्टम और भंसार की प्रक्रिया पूरी कर धीरे-धीरे नेपाल भेजा जा रहा है। नेपालगंज भंसार (कस्टम) कार्यालय प्रमुख एवं सूचना अधिकारी पवित्र कुमार खड़का ने जानकारी दी कि बीते शुक्रवार को पेट्रोलियम पदार्थ, सब्जियों सहित अन्य सामानों से लदी 98 गाड़ियों का भंसार कर नेपालगंज भेजा गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ही पेट्रोलियम पदार्थ की 38 गाड़ियां भारत से नेपाल पहुंची थीं, लेकिन नेपालगंज में असामान्य हालात होने के कारण सुरक्षा दृष्टि से उन्हें रोक दिया गया था। सबसे पहले इन्हीं गाड़ियों का भंसार कर उन्हें नेपाल भेजा गया। इनमें डीजल-पेट्रोल एवं हवाई ईंधन की 34 तथा गैस से भरी 4 गाड़ियां शामिल थीं। इसके बाद शुक्रवार को 21 गाड़ियां डीजल, 23 गाड़ियां गैस, 11 गाड़ियां पेट्रोल तथा 2 हवाई जहाज ईंधन टैंकर का भंसार कर नेपालगंज भेजा गया। सूचना अधिकारी खड़का ने बताया कि नेपालगंज कस्टम कार्यालय से प्रतिदिन 4 से 6 करोड़ रुपये तक का राजस्व संकलित होता है। आंदोलन के चलते पिछले तीन दिनों से भंसार बंद रहने के कारण राजस्व का भारी नुकसान हुआ है।

## संक्षेप

### पकड़ी गई 50 लाख की प्रतिबंधित लकड़ी

**दो तस्कर किए गए गिरफ्तार, हरियाणा और दिल्ली की फैक्ट्री में करना था सप्लाई**

नोएडा, थाना फेस-2 पुलिस व सीआरटी व स्वाट-2 टीम ने प्रतिबंधित खैर लकड़ी की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक ट्रक जिसमें करीब 50 लाख कीमत की 55 क्विंटल लकड़ी बरामद की है। इनके नाम रविन्द्र और ताज खान को ककराला टी प्वाइंट के पास से गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक ट्रक भी बरामद किया गया है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे स्वयं ही केलों की फर्जी रसीद तैयार करते है। बिहार राज्य के मधुबनी से एक ट्रक में केले व केलों के पत्तों में प्रतिबंधित खैर लकड़ी को छिपाकर दिल्ली व हरियाणा राज्य में बेचने के लिए ले जाते थे। जबकि वन विभाग की अनुमति के बिना इस लकड़ी को काटा और परिवहन नहीं किया जा सकता है। इस लकड़ी का प्रयोग कत्था बनाने में होता है। तस्करों ने बताया कि ये कुछ समय से ही तस्करी का काम कर रहे थे। बरामद की गई लकड़ी को दिल्ली व हरियाणा की फैक्ट्री में सप्लाई करना था। फैक्ट्रियों के नाम भी सामने आ गए है। जल्द ही वहां एक्शन लिया जाएगा। इन दोनों की जानकारी अन्य राज्यों में भेजी गई है।

### आनंद विहार से पूर्णिया जा रही ट्रेन में आग लगी

**गाजियाबाद में बोगी से धुआं निकलते देख गाड़ी को रोका, 40 मिनट में पाया काबू**

गाजियाबाद, आनंद विहार से बिहार के पूर्णिया जा रही पूर्णिया स्पेशल ट्रेन की लगेज बोगी में अचानक धुआं निकलने लगा। ट्रेन साहिबाबाद स्टेशन पहुंची तो अफरा-तफरी का मच गई। ट्रेन को साहिबाबाद स्टेशन पर रोका गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी और रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बोगी को ट्रेन से अलग कर दिया, ताकि यात्रियों को कोई खतरा न हो। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से बोगी में आग लगी थी। हालांकि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। ट्रेन को बाकी डिब्बों के साथ आगे रवाना कर दिया गया। इस घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी जरूर मची। लेकिन स्थिति जल्द ही नियंत्रित हो गई।

### कांग्रेस नेताओं को किया नजरबंद

**पूर्व जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष के घर पर पुलिस तैनात**

मेरठ, कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। उनके घरों में पुलिस की पहरेदारी रही, नेताओं को बाहर नहीं जाने दिया गया। मेरठ महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला दोनों को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस नेताओं को वाराणसी जाने से रोका गया। पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि इसी प्रकार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी को भी वाराणसी जाने से रोकते हुए लखनऊ में ही नजरबंद कर दिया गया।

# मरीजों में दिख रहा सुधार, विभागीय चिकित्सक सेवा में तत्पर

**भवानी सिंह का पुरवा गांव में तीसरे दिवस लगाया गया स्वास्थ्य शिविर**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर




अमौली, फतेहपुर। संचारी रोगों के साथ-साथ जनपद के अमौली विकासखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र अंतर्गत गांव भवानी सिंह का पुरवा मजरे ग्राम पंचायत पपरेंदा में विगत एक पखवारे से जुकाम बुखार वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ी जिसे देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाकर विगत 6 सितंबर को गांव के 55 मरीजों का उपचार प्रारंभ किया वहीं मरीजों को जल्द ही रोग मुक्त करने हेतु चिकित्सा अधीक्षक ने 10 सितंबर को पुनः गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 45 मरीजों का परीक्षण करते हुए निशुल्क दवा वितरण का कार्य संपन्न कराया मरीजों की हालत में पूर्व काल से अब सुधार दिख रहा है परंतु स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से सचेत दिखा जहां तीसरी बार कल अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने कैंप लगाकर गांव के 40 मरीजों की जांच तथा उपचार किया कैंप में आए हुए मरीजों में पांच मरीज बुखार तथा 35 मरीज खांसी जुकाम इत्यादि अन्य मर्जो के मिले वहीं रोग ग्रसित मरीजों का मलेरिया टाइफाइड डेंगू इत्यादि की जांच की गई जो नकारात्मक पाए गए गांव पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप डॉक्टर राम शंकर डॉक्टर श्याम प्रयोगशाला सहायक जगमोहन सी एच ओ रूपरानी हेल्थ सुपरवाइजर शैलेंद्र कुमार आदि ने गांव में भ्रमण करते हुए घर-घर मरीजों की जानकारी दी वहीं रोग मुक्त होने के लिए साफ सफाई मच्छरदानी इत्यादि का प्रयोग करने तथा कीट नाशक दवाओं से दूर रहने के लिए आम जनमानस से अपील की मिली जानकारी के अनुसार गांव के मरीजों में पहले से अब काफी सुधार दिख रहा है

# समग्र शिक्षा को लेकर विद्यालय में आयोजित हुई मीना मंच संगोष्ठी

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा प्रस्तावित कलेंडर के अनुसार सुगमकर्ता की मदद से सेल्फ स्टीम आधारित मीना मंच की साप्ताहिक गतिविधियों का आयोजन शनिवार को पावर एंजेल/मीना मंच के सदस्यों की सहायता से परिषदीय प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय आयोजित की जाती है।

इसी क्रम में ब्लॉक अमौली के कम्पोजिट विद्यालय अमौली में मीना मंच गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धारित गतिविधियों के अनुसार आधा फुल कॉमिक बुक 6 ₹बोलती चट्टान ₹ पर चर्चा , मीडिया के आदर्श रूप के मुद्दे पर नाटक, रैली, पोस्टर निर्माण, कहानी लेखन, वाद-विवाद, बाल अखबार का आयोजन सुगमकर्ता शिक्षिका प्रतिमा उमराव द्वारा किया गया। बच्चों में हिन्दी साहित्य को समृद्ध, सुदृढ़ और गौरवशाली बनाने के गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से बच्चों की बाल पत्रिका बालमन पत्रिका बच्चों को सप्रेम भेंट किया। इस पत्रिका में विद्यालय की छात्राओं राधिका, अर्चिता, राधिका, नैन्सी की स्वरचित कहानी, कविता,लेख आदि को स्थान दिया गया। गोष्ठी में हिन्दी दिवस को मनाते बच्चों के बीच काव्य पाठ का आयोजन किया गया। बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मकता को स्थान देने के लिए बाल अखबार और पोस्टर का भी निर्माण कराया गया।

# पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने पीड़ित से की गाली गलौज

**लिखित देकर पीड़ित ने नजदीकी थाने में लगाई न्याय की गुहार**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के अशोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मैकुआपुर मजरे ग्राम पंचायत सरकंडी के एक किसान मजदूर धनराज पुत्र सूरजपाल ने नजदीकी पुलिस प्रशासन को लिखित तहरीर देते हुए गांव के दबंग द्वारा गाली गलौज तथा जान से मार देने की धमकी से आहत होकर न्याय की गुहार लगाई पीड़ित ने थाना असोथर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि गांव के छोटा पुत्र पप्पू सुनील पुत्र प्रेम पुतान पुत्र राम औतार पप्पू पुत्र स्वर्गीय राम अवतार तथा फूल कुमारी पत्नी पुतान आदि के साथ विगत लगभग एक माह पूर्व झगड़ा हुआ जिसमें पीड़ित को विपक्षियों ने जमकर पीटा जहां प्रशासन को लिखित तहरीर मिलने के पश्चात प्रशासन ने कार्यवाही भी की थी इसी मामले के सुलह समझौते को लेकर दबंगई दिखाते हुए विगत रात्रि शुक्रवार प्रात शनिवार को लगभग 9 बजे विपक्षी गण पीड़ित के दरवाजे पहुंचकर गाली गलौज करने लगे वही मना करने पर जान से मार देने की धमकी दे डाली पीड़ित ने नजदीकी थाने में अरदास लगाई वहीं थाना प्रभारी असोथर अभिलाष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चौकी प्रभारी विनोद कुमार निगम को मामले की जांच दे दी गई है जांच होने के उपरांत दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी



# देह व्यापार की शिकायत पर महिलाओं का होटल में हंगामा

**भीड़ ने की तोड़फोड़, पुलिस ने स्थिति संभाली**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, थाना सिहानीगेट क्षेत्र के नवयुग मार्केट इलाके में बड़ा बवाल खड़ा हो गया। आरोप है कि इलाके के मेट्रो होटल में देह व्यापार चल रहा था। जानकारी मिलते ही स्थानीय महिलाओं और मोहल्ले के लोग सैकड़ों की संख्या में लाठियां और डंडे लेकर होटल पहुंच गए और वहां जमकर हंगामा किया। जटवाड़ा की रहने वाली एक महिला सड़क किनारे अपने परिजनों का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक कार सवार युवक आया और कथित तौर पर उसे होटल चलने का प्रस्ताव दिया। महिला ने तुरंत विरोध किया और मोहल्ले के लोगों को जानकारी दी। देखते ही देखते इलाके के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ ने होटल में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और वहां मौजूद लोगों पर डंडों से हमला कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह एक दिन पुराना है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिलाएं डंडे लेकर होटल के अंदर लोगों को पीट रही हैं। पुलिस ने कहा कि वीडियो की भी जांच की जा रही है मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और लोगों को शांत कराया। स्थानीय पार्षद भी घटनास्थल पर पहुंचे और भीड़ को समझाकर घर भेजा। पुलिस के अनुसार, होटल का संचालन पिछले डेढ़ दशक से हो रहा है। फिलहाल होटल को बंद करा दिया गया है और उस पर ताला जड़ दिया गया है।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

**एडीएम को सौंपा ज्ञापन, जंतर-मंतर पर धरने की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, कलेक्ट्रेट पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का विरोध कर रहे हैं, जिसमें टीईटी परीक्षा को अनिवार्य किया गया है। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने बागपत एडीएम पंकज वर्मा को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षक विकास मलिक ने बताया कि 2011 से पहले चयनित शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा का आदेश नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने इस आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। आगे की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश उनके हितों के खिलाफ है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

# 12 लाख में खरीदा प्लॉट दूसरों को बेच दिया

- दिल्ली की महिला से धोखा, कोर्ट के आदेश पर 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




जेवर, दिल्ली की एक महिला के साथ ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीद में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। महिला ने 2012 में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के मुंजखेड़ा गांव में 150 मीटर का आवासीय प्लॉट 12 लाख रुपये में खरीदा था। प्लॉट का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी कराया गया था। किसान धर्मपाल, मेघराज और महेशचंद से खरीदे गए इस प्लॉट को किसानों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर दिल्ली निवासी संदीप गुप्ता को बेच दिया। पीड़िता अर्चना भार्गव को 2024 में पता चला कि उनका प्लॉट दूसरों को बेच दिया गया है। जब पीड़िता ने किसानों से इस बारे में बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से मदद न मिलने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर दनकौर कोतवाली पुलिस ने मेघराज, महेशचंद, संदीप गुप्ता, इमला, विवेक, सचिन, अंकित, रघुवीर, शिव रिसोर्स और श्वेता सिंघल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# काठमांडू हिंसा में फंसा गाजियाबाद का परिवार

**दो दिन होटल में रहने के बाद आज शाम दिल्ली लौटेगा**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, एटीएस सोसायटी में रहने वाले कारोबारी उमेश सारस्वत अपनी पत्नी संगीता, दोस्त राजकुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी ममता अरोड़ा के साथ 5 सितंबर को घूमने के लिए नेपाल गए थे। उमेश गैस एजेंसी और सीएनजी पंप का संचालन करते हैं, जबकि राजकुमार अरोड़ा नौकरी करते हैं। परिवार की योजना काठमांडू और पोखरा घूमने की थी। जानकारी के मुताबिक, 5 सितंबर की सुबह सभी काठमांडू पहुंचे और वहां से फ्लाइट लेकर पोखरा गए। कुछ दिन वहां घूमने के बाद 8 सितंबर को वे वापस काठमांडू लौटे और होटल में ठहरे। इसी दौरान काठमांडू में अचानक हिंसा भड़क गई। उमेश के बेटे ऋषभ सारस्वत ने बताया कि उनके होटल से करीब तीन किलोमीटर दूर संसद भवन है, जहां उपद्रवियों ने आगजनी की। होटल के सामने वाली सड़क पर भीड़ ने एक फाइव स्टार होटल को आग के हवाले कर दिया। इमारतों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा था। हालात बिगड़ने पर शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया। ऋषभ ने बताया कि 8 सितंबर के बाद से परिवार होटल से बाहर नहीं निकल पाया। दो दिन तक सब बेहद डरे हुए थे। होटल प्रबंधन ने सहयोग करते हुए तीन वक्त का खाना उपलब्ध कराया। उनका कहना है कि शुरू में सब सामान्य था, केवल सोशल मीडिया पर विवाद की वजह से हल्का तनाव था, लेकिन अचानक हालात बेकाबू हो गए। परिवार की वापसी 10 सितंबर को होनी थी, लेकिन हिंसा और कर्फ्यू की वजह से फ्लाइट रद्द हो गई। इस दौरान परिवार लगातार संपर्क में रहा और लखनऊ पुलिस विभाग, स्थानीय विधायक सुनील शर्मा और भारतीय दूतावास से मदद की गुहार लगाई। सीमा पार कर सुरक्षित वापसी को लेकर भी बातचीत हुई।

करीब दो दिन होटल में फंसे रहने के बाद आखिरकार हालात सामान्य होने लगे और हवाईअड्डा खोल दिया गया।

आज परिवार की फ्लाइट दिल्ली के लिए है और शाम 6 बजे तक उनके दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है।

# डिलीवरी बॉय की हत्या का मामला सुलझा

**खाने के विवाद में रूममेट ने ही दबाया था गला, आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में डिलीवरी बॉय की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इकोटेक-3 पुलिस ने सूफियाना पार्क के पास से मुबारक खान को पकड़ा है। मुबारक अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के बिसारा गांव का रहने वाला है। मृतक जितेंद्र उर्फ विनय और मुबारक एक ही गांव के थे। दोनों इकोटेक-3 क्षेत्र के हल्द्वानी में एक कमरे में रहकर डिलीवरी का काम करते थे। मुबारक 8 महीने से फ्लिपकार्ट में काम कर रहा था। जितेंद्र कुछ दिन पहले ही नौकरी पर आया था। उसे कमरा नहीं मिला तो मुबारक के साथ रहने लगा। मुबारक रोज जितेंद्र को कमरे को लेकर ताने मारता था। घटना वाले दिन शाम को मुबारक ने देखा कि जितेंद्र अकेले खाना खा रहा है। उसने जितेंद्र से अपने लिए खाना बनाने को कहा। जितेंद्र ने मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। रात में जब जितेंद्र सो रहा था, मुबारक ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद वह फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने मुबारक समेत पांच लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मुबारक को गिरफ्तार कर लिया है।

# रिटायर्ड ऑफिसर से 8 दिन में 14 लाख की ठगी

**नोएडा में पहले ट्रेनिंग दी गई, टेलीग्राम ऐप से जोड़ा; मुनाफा का झांसा दिया**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, गवर्नमेंट रिटायर्ड अफसर को साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम ऐप पर जोड़कर 14 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को पहले फर्जी ट्रेनिंग दी गई, इसके बाद छोटे अमाउंट में रकम निवेश कराना शुरू किया। जालसाजों ने पीड़ित को झांसे में लेकर आरटीजीएस और यूपीआई से रकम ट्रांसफर कराई है। उन्हें और रुपए निवेश कराने के लिए ठग राजी कर चुके थे लेकिन उनके बेटे को इस बारे में जानकारी हुई तो पिता को ठगों के जाल से छुड़ाया। इसके बाद साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सेक्टर 36 निवासी गवर्नमेंट रिटायर्ड ऑफिसर ने बताया कि पिछले महीने 21 अगस्त को टेलीग्राम ऐप पर एक मैसेज आया और जिसमें घर बैठे रमक निवेश कर डबल मुनाफा होने की बात कही गई। पीड़ित को 2 दिन ठगों ने फर्जी ट्रेनिंग देकर झांसे में लिया, इसके बाद पहले यूपीआई के माध्यम से रुपए ट्रांसफर कराने शुरू कर दिए। उन्हें बताया गया कि आपके नाम से रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है, रकम भेजने पर खाते में निवेश कर दिया जाएगा। पीड़ित 8 दिन में कुल 13 लाख 93 हजार 315 रुपए ठगों के खातों में भेजे हैं। पीड़िता का बड़ा बेटा बैंक में अधिकारी है। उन्होंने उत्साह में निवेश के बारे में बेटे को जानकारी दी, तो बेटा टेलीग्राम ऐप जाकर ठगों के ग्रुप को देखा, रुपए के बारे में पूछा। इसके बाद बेटे ने पिता को ठगों के जाल से छुड़ाया। उन्हें सिक्स स्वीग्स एक्सचेंज ग्रुप में जोड़कर घटना की गई है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में सारे खातों के बारे में जानकारी निकाल ली है।

# मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

- शादियों में फिजूल खर्च रोकने पर जोर, चौधरी उम्र बने अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



बागपत, जनपद के रटौल में मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक जुल्फेकार के आवास पर हुई। इसका मुख्य उद्देश्य बिरादरी में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करना और सामाजिक सुधार लाना था। बैठक में जिला अध्यक्ष एडवोकेट ने शादियों में होने वाले फिजूल खर्च को रोकने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने इसे सामाजिक समरसता और भाईचारे के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में संगठन का नया गठन किया गया। चौधरी उम्र को अध्यक्ष और चौधरी जावेद को उपाध्यक्ष बनाया गया। चौधरी उस्मान महासचिव, जुल्फिकार अध्यक्ष और हाजी यूनुस प्रवक्ता नियुक्त किए गए। फारूक को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिली। लुकमान और सोनू प्रवक्ता मंत्री बने। मुफ्ती बशीर को इंसाफ कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान बैठक में हनीफ, इसरार, आमिर, नईम, एडवोकेट मेहताब, रशीद, सलीम और शाहिद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने संगठन को पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। यह पहल मुस्लिम राजपूत समाज में भाईचारा बढ़ाने और शादियों में अनावश्यक खर्च को कम करने की दिशा में एक कदम है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत मिलने की उम्मीद है।

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर -दुकान से सामान लेने जा रहे हैं युवक को गांव के ही दो युवकों ने पकड़ मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र धनीराम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के कमलेश व अखिलेश दोनों भाई ने मुझे ग्रहस्ती का सामान लेने जाने पर आकारण घात लगाकर हमला कर दिया और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया वहां मौजूद लोगों ने मेरा बीच बचाव किया किसी तरह छिपते छिपाते कोतवाली पहुंच आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक विधि कार्रवाई की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल दोनों घायलों को सदर अस्पताल के लिए किया गया रिफर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा।हमीरपुर -क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल दोनों घायलों को राहुल लोहान हालत कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां शिक्षकों ने प्राथमिक उपचार कर सदा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर बाद मुन्नीलाल 30 वर्ष पुत्र अर्जुन खैर मरौली निवासी बाइक में सवार होकर नगर की ओर जाते समय सिजनौडा के पास बाइक का संतुलन को देने से सड़क पर गिर घायल हो गया जिससे चेहरे में गंभीर चोटे आ गए लहुलुहान हालात में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना सेवा रानी 45 वर्ष पत्नी अशोक कुमार मसलनपुरा महोबा निवासी बाइक मे सवार होकर कस्बे की ओर आते समय घबरा चौकी के निकट बाइक से गिर घायल हो गई जिसे राहुल वहां हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मंच पर चमके मलिहाबाद के किसान मुकेश मौर्य

**दिल्ली में आयोजित वैश्विक कार्यशाला 'डायलॉगनेक्स्ट' में प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व**

**कृषि में नवाचार, उन्नत किस्मों और जलवायु परिवर्तन पर की गई चर्चा, 40 देशों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग**

अमन लेखनी समाचार



डॉ. मधुरा स्वामीनाथन बांए मुकेश मौर्य

लखनऊ। लखनऊ जनपद के मलिहाबाद क्षेत्र के छोटे से गांव बुलाकीहार के किसान मुकेश मौर्य ने प्रदेश और जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। मुकेश ने हाल ही में दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 'डायलॉगनेक्स्ट' में हिस्सा लेकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

यह दो दिवसीय कार्यशाला 8 और 9 सितंबर को विश्व खाद्य पुरस्कार फाउंडेशन और अंतरराष्ट्रीय मक्का व गेहूं सुधार केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। सम्मेलन में अमेरिका, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल सहित दुनिया भर के करीब 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस उच्च स्तरीय आयोजन की मेजबानी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने की, जिसमें आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट, पीपीवीएफआरए के अध्यक्ष टी.सी. महापात्रा, और उप रजिस्ट्रार यू.के. दुबे जैसे कृषि क्षेत्र के कई वरिष्ठ वैज्ञानिक व अधिकारी शामिल हुए।

मुकेश मौर्य ने कार्यशाला में सतत कृषि पद्धतियों, किसान केंद्रित नवाचार, खाद्य सुरक्षा, और जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीतियों पर आधारित चचाओं में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने बताया कि मक्का और गेहूं की उन्नत किस्मों का विकास, फसल रोगों की रोकथाम, और पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया।

### किसानों की आमदनी बढ़ाएगी नई तकनीक

कार्यशाला से लौटने के बाद मुकेश मौर्य ने अपने अनुभव एडीओ एजी कृषि मानवेंद्र सिंह से साझा किए। उन्होंने बताया कि यदि किसान पारंपरिक तरीकों की जगह नवीन तकनीकों व उन्नत बीज किस्मों को अपनाएं, तो उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आय में भी भारी इजाफा हो सकता है। साथ ही, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही समस्याओं का सामना भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किया जा सकेगा।

मुकेश की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। स्थानीय प्रशासन और किसान संगठनों ने भी उनके प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

## राजकीय इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर 13 सितम्बर स्थानीय राजकीय इंटर कालेज में विद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयार किए गए मॉडल का प्रदर्शन किया राजकीय इंटर कॉलेज कुरारा में विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा नौ से बारह तक के छात्र छात्राओं ने शिक्षक डॉ गंभीर सिंह व श्रीप्रकाश द्विवेदी के मार्ग दर्शन में तैयार मॉडल का प्रदर्शन किया।अनुवीक्षण समिति द्वारा छात्र छात्राओं के मॉडल का मूल्यांकन किया गया। विद्यालय स्तर पर चयनित मॉडल जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जाएंगे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुधाकर वर्मा,डा गंभीर सिंह , श्रीप्रकाश द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह, डा शमशेर सिंह, ने छात्रों को विज्ञान के दैनिक उपयोग से परिचित कराया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पताल के पास झूलते नजर आ रहे विद्युत तार

**किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना घट सकती है**

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर -विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही से नगर के व्यस्ततम क्षेत्र सरकारी अस्पताल नगर के निकट विद्युत तारों के झूलते का नजारा देखा जा सकता हैं राजगीर व यातायत के वाहन कभी भी किसी अप्रिय घटना का शिकार हो सकते हैं इसके बाद भी विद्युत विभाग बेसुध होकर गहरी नींद में सो रहा है।

बताते चलें कि बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाने में इतना व्यस्त है कि उसे नगर के आम रास्ता में झूलते हुए तारों नजर नहीं आ रहे जबकि इन तारों से आम जनमानस को कभी भी बड़ी दुर्घटना का शिकार होने की संभावनाए बनी हुई है इस संबंध में आसपास रहने वाले लोगों में संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचित भी किया जा चुका है डाक के तीन पात वही पुराना रटा रटाया शब्द जल्दी ही ठीक कर दिया जाएगा का आश्वासन मिलता रहता है यह मामला है कस्बे के पुराने अस्पताल व तहसील के बीच मराठी पूरा की ओर जाने वाली आम रास्ता का है जहां सड़क में सैकड़ो की तादाद में प्रतिदिन आम जनमानस निकलता रहता है और सैकड़ो राहगीर भी इस मार्ग से चलते-फिरते हैं और झूलते हुए बिजली के नंगे तार आपस में चिपक कर कभी चिंगारी निकालते तो कभी बिजली के लोथड़े गिरते जिससे आग लगने की प्रबल संभावनाएं हैं राहगीर अपने आप को किसी तरह बचते बचाते रस्ताओं से गुजरते हैं आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने पर नगरवासियों में आक्रोश पनप रहा है।

# सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की बनाई गई रणनीति

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सेवा पखवाड़ा के मद्देनजर भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक में होने वाले कार्यक्रमों के रणनीति बनाई गई। कार्यकताओं को सभी कार्यक्रमों को पूरे उत्साह के साथ मनाएं जाने के निर्देश दिए गए। शनिवार को कस्बे के बांकी रोड में संचालित एक गेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मद्देनजर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की भाजपा पूर्वी मंडल ने रणनीति बनाई गई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ स्नातक चुनाव के लिए वोटर बनाएं जाने पर जोर दिया। सेवा पखवाड़ा के जिला सहसंयोजक स्वामी प्रताप सिंह ने तिथिवार कार्यक्रमों की जानकारी दी। मंडल प्रभारी मौदहा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि सभी कार्यक्रम धरातल में किए जाए।मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बरसात के पानी को संरक्षित करने के लिए डाले पाइप

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के कंडौर गांव के जूनियर विद्यालय में बरसात के पानी को संरक्षित करने के लिए बनाए गए गड्ढे में पाइप डाल दिए गए है। क्षेत्र के कंडौर गांव स्थित जूनियर विद्यालय में बनाए गए बरसात के पानी को संरक्षित करने के लिए एक गड्ढा चार फीट में पाइप डालकर वाटर रीचार्जिंग बना दिया गया है। ग्रामीण वरदानी लाल, धर्मेंद्र, राजू आदि लोगो ने बताया कि बरसात के पानी के संरक्षित करने के लिए बोर नहीं किया गया है। विद्यालय की छत का पानी निकलने के लिए पाइप डाल दिए गए है। वह भी खुले हुए पड़े है। बरसात के पानी का संरक्षण केवल अभिलेखों में हो रहा है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय मझुआ में अभिभावक बैठक संपन्न

**शिक्षा के प्रति जागरूकता और समावेशी शिक्षा पर हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज। उच्च प्राथमिक विद्यालय मझुआ में शनिवार को अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना और विद्यालय से उनका जुड़ाव मजबूत करना रहा। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चों के माता-पिता शामिल हुए।

बैठक का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम गुप्ता ने किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने, स्वच्छता का ध्यान रखने और बच्चों को निर्धारित ड्रेस में विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नियमित उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को ₹स्टार ऑफ द स्कूल₹ पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, ताकि बच्चों में उत्साह और अनुशासन की भावना बनी रहे।

इस अवसर पर समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था सोल्स आर्क की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकेश सैनी ने विशेष सत्र लिया। उन्होंने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं और लाभों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया और विद्यालयों में संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई वर्कबुक के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सैनी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई में सहयोग दें और दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

बैठक के दौरान शिक्षिकाएं अर्चना, किरण, प्रीति, मधु, सविता, सरला, नीता और शिक्षक प्रशांत मौजूद रहीं। सोल्स आर्क से फील्ड ऑफिसर प्रशांत भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रांगण में हुई इस बैठक में अभिभावकों ने भी शिक्षा से जुड़ी अपनी समस्याएँ साझा कीं और विद्यालय परिवार ने उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक शिक्षक मीटिंग का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। ब्लॉक बामौर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर में अभिभावक शिक्षक मीटिंग एवं शारदा संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमन्त यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों से विद्यालय के शिक्षकों ने सीधा संवाद किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद्र कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावक गणों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही उन्होंने बच्चों को मिलने बाली छात्रवृत्ति की धनराशि को बच्चों की ड्रेस, बैग,जूता मौजा आदि पर ही खर्च करने की अपील की।इस मौके पर सहायक अध्यापक अशोक कुमार जैन,अनिल कुमार,भृगुनाथ पाल, दानिश खान,अंजू देवी सहित बच्चों के अभिभावकगण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन की रूपरेखा तैयार करते भाजापा यूवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर दो स्थानों पर रक्तदान किया जायेगा**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ₹सेवा पखवाड़ा₹ अभियान के अंतर्गत आज भाजपा कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा की जिला बैठक जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अर्पित अवस्थी रहे,आकाश त्रिपाठी ने बताया कि इस बार जनपद के दो स्थानों पर रक्तदान किया जाएगा जो क्रमशः 17 सितंबर को जिला अस्पताल एवं 18 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा बड़ी संख्या में संपन्न होगा अर्पित अवस्थी ने युवाओं से संवाद करते हुए अभियान की पूरी रूपरेखा रखी एवं नौजवानों को प्रोत्साहित किया और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नौजवानों में ऊर्जा भरने का काम किया एवं इस अभियान में जनपद को प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त करने के लिए कहा बैठक में प्रमुख रूप से राजीव आर्य,सोनू विश्वकर्मा, संचित पांडे, भरत राजपूत, दीपक सिंह गौर, अभय यादव, निशांत त्रिपाठी ,मोहित सोनी, मोहित साहू ,श्लोक अग्रवाल, सौरभ सिंह,आकाश पालीवाल,शिवम द्विवेदी, बॉबी, आकाश विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिन दहाड़े बाइक मिस्त्री को गोली मारने वाले पांच लोगों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर -दिनदहाड़े बाइक मिस्त्री को हांकी व गोली से मार कर घायल कर देने वाले पांच आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए छापेमारी शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार में शुक्रवार के दिन दिनदहाड़े गोली कांड से नगर में दशरथ के माहौल में बना हुआ है जिसे देखते हुए कोतवाली पुलिस ने अतीश के भाई स्वतंत्र कुमार की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए नीरज पुत्र नोखेलाल रागौल ,बाबू पुत्र स्वर्गीय रहमान मांचा , दिलावर पुत्र हाफिज कम्हरिया निवासी तथा दो अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 109, 191( 3 ) 115 (2) 352 351( 3 ) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है जबकि पीड़ित अतीश का इलाज कानपुर के अस्पताल में चल रहा है वह जिंदगी मौत के बीच संघर्ष कर रहा है ।पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपियों की ओर से फोन से लगातार बचे हुए अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर -कोतवाली क्षेत्र के एक अधेड ने रस्सी से गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया आत्महत्या की खबर सुनते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के सिजवाही गांव निवासी पवन कुमार सिंह 48 वर्ष पुत्र रामरतन शुक्रवार की दोपहर पशवाडे में जाकर जानवर बाधने वाली रस्सी का फंदा लगाकर गले में डाल कर झूल गया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई फांसी पर लटकता देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के बेटा शिवम ने बताया कि पिता ने शुक्रवार के दिन पशु बाड़े मे जाकर जानवर बाधने वाली रस्सी से फांसी लगा लिया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

# सुमेरपुर से मौदहा की छह पंचायतों को जोड़ने वाला मार्ग ध्वस्त, ग्रामीण परेशान

**योगी सरकार के पिछले कार्यकाल में हुआ था शिलान्यास निर्माण अभी तक नहीं**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सुमेरपुर एवं मौदहा विकासखंड के छह पंचायतों को मुख्यालय तक पहुंचाने वाला मार्ग केन नदी में संचालित होने वाली खदानों से निकलने वाले ओवरलोड वाहनों से पूरी तरह से ध्वस्त गया है। शिकायतों के बाद लोनिवि इस मार्ग को नहीं बना रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान है। कमाल की बात यह की पिछली योगी सरकार में पीडब्ल्यूडी विभाग का जिम्मा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री ने इस मार्ग के निर्माण का शिलान्यास किया था। लेकिन सड़क का निर्माण अभी तक नहीं शुरू हुआ है। किसवाही निवासी श्यामू तिवारी, नरेश सिंह, भीम सिंह, परेहटा निवासी श्यामू द्विवेदी आदि ने बताया कि सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के पंचायत कैथी से किसवाही,परहेटा होकर मौदहा ब्लॉक की पंचायत टोलामाफ बनाई गई थी। दो दशक पुरानी सड़क केन नदी में संचालित होने वाली खदानों से आने वाले ओवरलोड ट्रकों के गुजरने से पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। सड़क का नामोनिशान मिट जाने से आवागमन में मुश्किल खड़ी हो गई है। चंद्रावल नदी के उफनाने के बाद आवागमन के लिए कि किसवाही, परहेटा, कैथी आदि गांवों एवं मजरों के निवासियों के लिए यहीं एकमात्र सुरक्षित सड़क है। लेकिन इसके ध्वस्त होने से उसमें चलना फिरना मुश्किल है। बता दे कि योगी सरकार के पिछले कार्यकाल में मुख्यालय आए सूबे के मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस सड़क के निर्माण का शिलान्यास किया था। तब लोगों में उम्मीद जगी थी कि जल्दी ही आवागमन सुगम होगा। लेकिन पिछली सरकार का कार्यकाल गुजर गया और इस दूसरे कार्यकाल के भी तीन वर्ष पूर्ण हो गए। लेकिन सड़क निर्माण का अता-पता नहीं है ।जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि वह सड़क निर्माण के लिए कई बार लोनिवि से मांग कर चुके हैं। लेकिन अधिकारियों ने कोई तवज्जो नहीं दे रहे है। जिससे ग्रामीणों में मायूसी है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में हमीरपुर, मौदहा, सुमेरपुर, बांदा आदि जगह जाने के लिए एकमात्र यहीं सुगम मार्ग ही है। इसके ध्वस्त होने से लोग बरसात में घरों में कैद रहने को मजबूर रहते हैं ।लोनिवि के सहायक अभियंता मुनेंद्र कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# स्टील इंजीनियरिंग सर्विस के मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में एक सैन्य अधिकारी ने स्टील इंजीनियरिंग सर्विस के मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने काम करने के बदले लाखों रुपये तो लिए, लेकिन काम नहीं किया।

लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार उपाध्याय, जो वर्तमान में मध्य प्रदेश में पोस्टेड हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अब्दुल वदूद, स्टार स्टील इंजीनियरिंग सर्विस के मालिक, ने उनके उन्नाव स्थित भूखंड पर वाणिज्यिक वेयरहाउस निर्माण के लिए 10,10,000 रुपये लिए थे, लेकिन वदूद ने न तो काम शुरू किया और न ही पैसे वापस किए।

आरोप है कि वदूद ने बिना किसी स्वीकृत नक्शे या अनुमति के खुदाई कार्य शुरू कर दिया और फिर पैसे वापस करने से मना कर दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल उपाध्याय ने आरोप लगाया कि उन्होंने वदूद को 26 अक्टूबर 2024 को नोटिस भेजा था कि यदि 10 दिनों के भीतर वैध कागजी कार्यवाही पूरी नहीं की गई, तो अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा और पूरी राशि 0.5% कंपाउंड ब्याज के साथ वापस करनी होगी। लेकिन आरोपी ने किसी प्रकार का जवाब नहीं दिया और अब फोन भी नहीं उठा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों में दिखा उत्साह, दो गांवों में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**एडीओ एजी मानवेंद्र सिंह ने किया नेतृत्व, विशेषज्ञों ने दिए जैविक खेती के टिप्स**

अमन लेखनी समाचार



किसानों को जागरूक करते कृषि अधिकारी

लखनऊ। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग' योजना के अंतर्गत शनिवार को मलिहाबाद के खड़ता और बड़ी गढ़ी के कुकरा गांव में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के एडीओ एग्रीकल्चर मानवेंद्र सिंह ने की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, उसके लाभों तथा रासायनिक खेती के दुष्परिणामों से अवगत कराना था। विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खाद, जीवामृत, घनजीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट जैसे विकल्पों की जानकारी दी और उन्हें व्यवहार में लाने की सलाह दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीओ एजी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर न केवल भूमि की उर्वरता को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है, बल्कि उत्पादन लागत भी घटाई जा सकती है। साथ ही, यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया। किसानों ने प्राकृतिक खेती से संबंधित अनेक सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और व्यावहारिक समाधान दिया। किसानों में इस नई पहल को लेकर उत्साह देखा गया और उन्होंने भविष्य में प्राकृतिक खेती को अपनाने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में जागरूक बुक भी वितरित की गई।

# युवती के बाद युवक ने अवैध तमंचे के साथ वायरल किया वीडियो

**पुलिस युवक की तलाश में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। असलहो संग सोशल मीडिया में फोटो अपलोड करने का सिलसिला थमने के बजाय बढ़ता जा रहा है। कस्बे की युवती का दोनाली से बंदूक संग वीडियो वायरल होने के बाद कस्बे के युवक का तमंचे के साथ फोटो सोशल मीडिया में अपलोड किया है गाने के साथ अपलोड किया गया। वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

गत शुक्रवार को कस्बे में नवीन गल्ला मंडी के समीप रहने वाली एक युवती ने दोनाली बंदूक के साथ अपना एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है अब शनिवार को कस्बे की गुटखा फैक्ट्री के समीप रहने वाले एक युवक ने अवैध तमंचे के साथ अपना फोटो वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया है। इस पर लोग तरह तरह के कमेंट कर रहे हैं। वीडियो वायरल होते ही युवक की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि युवक का वायरल वीडियो प्राप्त हुआ है युवक की तलाश की जा रही है युवक घर से फरार है जल्द ही इसको गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। उन्होंने बताया युवती ने लिखित माफीनामा दाखिल करके भविष्य में गलती नहीं करने का आश्वासन दिया है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### हॉलीवुड छोड़ने के बाद 'स्ट्रेंजर थिंग्स' पर बोले डेकर , 'एक फैन की तरह देखूंगा'



नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिदंगी जी रहे हैं। शो से थोड़ा अलग-थलग महसूस करते हैं, लेकिन फिर भी अंतिम सीजन को लेकर उनकी एक्साइटेड कम नहीं है।

30 साल के मोंटगोमरी ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने लंबे समय से 'स्ट्रेंजर थिंग्स' से दूरी बनाई हुई है, लेकिन अब वो एक फैन के तौर पर इसका मजा लेने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'अब मैं बस एक दर्शक की तरह शो देखूंगा और इस बात से मुझे बहुत खुशी है।' कोविड-19 के दौर में इंडस्ट्री से थोड़ा अलग हो जाने के बाद डेकर अब केवल कुछ चुनिंदा कलाकारों से संपर्क में हैं।

डेकर मोंटगोमरी ने शो में अपनी सौतेली बहन मैक्स का किरदार निभाने वाली सैडी सिंक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सैडी एक मेहनती और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं और उन्हें विश्वास है कि उनका करियर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के बाद और ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने साथ ही कहा, 'सैडी के अभिनय में गहराई है और वो बहुत मेहनती हैं। उन्हें बड़े और चुनौतीपूर्ण रोल मिलते रहेंगे, इसमें कोई शक नहीं।'

## टॉलीवुड

### 'वायुपुत्र' होगी चंदू मुंडेटी की आगामी 3डी एनिमेशन फिल्म, सेलेब्स ने दी बधाई



निर्देशक चंदू मुंडेटी की नई 3डी एनिमेशन फिल्म का नाम 'वायुपुत्र' है। यह फिल्म दशहरा 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को लेकर सेलेब्स और फैंस ने चंदू को शुभकामनाएं दी हैं। चंदू ने सोशल मीडिया पर 'वायुपुत्र' का पहला पोस्टर साझा किया और इसे अपने बचपन का सपना बताया है। साथ ही उन्होंने भगवान राम, हनुमान, ऋषि वाल्मीकि और अपने परिवार को धन्यवाद दिया। इस पोस्टर में भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान की तस्वीर साफ नजर आ रही है। वह पीठ घुमाए खड़े हैं और पूरा दृश्य आग की लपटों की वजह से और भी ज्यादा खौफनाक लग रहा है। पोस्टर में हनुमान को एक पहाड़ पर खड़े दिखाया गया है, जो लंका को जलते देख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ चंदू ने कैप्शन में लिखा, 'वायुपुत्र - सिर्फ एक फिल्म नहीं, एक पवित्र तमाशा। इस कहानी को बताने के लिए तैयार, हमारे इतिहास की आत्मा, हमारे इतिहास के पन्ने एक बचपन का सपना। भगवान श्रीराम, भगवान हनुमान, ऋषि वाल्मीकि, मेरे परिवार का धन्यवाद, गरु का धन्यवाद। जयश्रीराम। जयहनुमान।'

चंदू मुंडेटी की आगामी 3डी एनिमेटेड फिल्म को लेकर सेलेब्स से लेकर फैंस तक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। साउथ एक्टर नागा चैतन्य ने लिखा, 'मेरे प्यारे चंदू को शुभकामनाएं.. यह ब्लॉकबस्टर लग रही है', एक फैन ने लिखा, 'आपको बहुत बहुत बधाई सर', एक और फैन ने लिखा, 'बड़े पर्दे पर एक और 'महावतार नरसिम्हा' जैसी फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार है।' 'वायुपुत्र' हनुमान की भक्ति और शक्ति की कहानी है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति से प्रेरित है। यह फिल्म भव्य 3डी दृश्यों के साथ आस्था और वीरता को दर्शाएगी। इसे तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज की जाएगी।

## भोजपुरी

### अक्षरा का जबरदस्त डांस वीडियो हुआ वायरल, फैंस बोले- 'फायर है'



अक्षरा सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा कोरियोग्राफर के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। उनका यह किलर अंदाज फैंस के बीच पसंद किया जा रहा है। अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा ब्लैक शाइनिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अक्षरा कोरियोग्राफर एमके गुप्ता जॉय के डांस स्टेप्स फॉलो करती दिखाई दे रही हैं। डांस रिहर्सल के आखिर में अक्षरा का क्यूट अंदाज फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, जब उन्होंने कोरियोग्राफर की ओर इशारा करते हुए अपना डांस स्टेप खत्म किया। इस शानदार डांस वीडियो के साथ अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, 'रिहर्सल मोड BTS सुपर टेलेंटेड एमके गुप्ता जॉय।' अक्षरा के इस डांस वीडियों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'सुपर शेरनी', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत अच्छा गाना है अक्षरा जी', एक और फैन ने लिखा, 'सुपरहिट है गाना', एक और फैन ने लिखा, 'शानदार', एक और फैन ने लिखा, 'मुझे आपका गाना बहुत अच्छा लगता है', एक और फैन ने लिखा, 'फायर मैडम।'

## मेंस ज्वेलरी

लाइफ स्टाइल



> यह कहना गलत नहीं होगा कि मेंस फैशन में ज्वेलरी ने पिछले कुछ समय से अपनी खास जगह बना ली है। इनमें ब्रोच, नेकलेस और रिंग स्टैक पर ज्यादा ध्यान रहता है। मॉडल्स को कई तरह के नेकलेस पहनना लगभग ज़रूरी सा लगता है, लेकिन सच कहें तो आपके पास एक बढ़िया नेकलेस होने पर कई नेकलेस पहनने की ज़रूरत नहीं है। गर्दन के खुले हिस्से या ऊपर से भारी नेकलेस पहने एक साधारण शर्ट में कुछ खास बात होती है जो वाकई कमाल की लगती है।

## पील ऑफ मास्क लगाते समय इन टिप्स को ना भूलें

स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन आपका कोई भी उपाय केवल तभी काम आता है, जब आपकी स्किन क्लीन हो। स्किन क्लीन होने पर हर प्रोडक्ट्स आपकी स्किन के भीतर तक जाता है, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिलता है। स्किन की डीप क्लीनिंग के लिए सिर्फ फेस वॉश करना ही जरूरी नहीं है, बल्कि कभी-कभी पील ऑफ मास्क को भी अप्लाई किया जा सकता है।

पील ऑफ मास्क ना केवल आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं, बल्कि उसे डीप क्लीन करते हैं। कभी-कभी पील ऑफ अप्लाई करने से स्किन ग्लो करने लगती है और टेक्सचर भी इंप्रूव होता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन के लिए बेहद लाभदायक है, लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ख्याल रखना चाहिए।



### पहले स्किन को करें क्लीन

यह सच है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन को क्लीन करता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सीधे ही पील ऑफ मास्क को स्किन पर अप्लाई कर लें। हमेशा ध्यान रखें कि आप पहले अपनी स्किन को साफ करें। इससे मेकअप, गंदगी और अतिरिक्त तेल को रिमूव करने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्किन को क्लीन करने से मास्क को बेहतर ढंग से चिपकने और अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी।

### जरूर करें पैच टेस्ट

यूं तो पील ऑफ मास्क आपकी स्किन पर प्रभावी तरीके से काम करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि मास्क हर स्किन टाइप के लिए उपयुक्त हो। इसलिए, अपने पूरे चेहरे पर मास्क लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य करना चाहिए। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि पील ऑफ मास्क में मौजूद सामग्री के कारण आपकी स्किन पर किसी तरह का एलर्जिक रिएक्शन होगा या नहीं।

### सेंसेटिव एरिया से बचें

यूं तो पील ऑफ मास्क को अपने पूरे चेहरे पर लगाया जा सकता है, लेकिन जब आप इसे स्किन पर लगा रही हैं तो इसे एकसमान रूप से लगाएं। साथ ही साथ, चेहरे के सेंसेटिव एरिया जैसे आंखें, आईब्रो व लिप्स आदि से बचाकर अप्लाई करें। इससे बाद में उसे रिमूव करते समय आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है। पील ऑफ मास्क बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए जरूरी है कि आप उसे सूखने के लिए पर्याप्त समय दें। अगर वह सही तरह से सूखता नहीं है तो इससे उसे रिमूव करते समय आपको प्रॉब्लम हो सकती है।

## फंक्शन के लिए खास रहेंगे नेकलेस के नए डिजाइंस



किसी भी फंक्शन में जाने के लिए अपने लुक को हम कई तरह से स्टाइल करते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए उसकी स्टाइलिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें ज्वेलरी का रोल अहम होता है। मार्केट में आपको कई तरह की ज्वेलरी के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन किसी फंक्शन या शादी में जाने की हो तो तैयारियां कुछ ज्यादा ही करनी पड़ती हैं।



लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप स्टेटमेंट नेकपीस को स्टाइल कर सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्टेटमेंट नेकलेस के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप किसी भी शादी व फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### डायमंड डिजाइन नेकपीस



सबसे क्लासी लुक देने में मदद करती हैं डायमंड ज्वेलरी। इसमें अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के भरे गले वाले चोकर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का चोकर लगभग हर तरह के आउटफिट के साथ आकर्षक नजर आएगा। साथ ही आप चाहे तो इसके साथ में कानों के लिए छोटे साइज के स्टड्स को पहन सकती हैं या चाहे तो कानों में इयररिंग्स को स्किप भी कर सकती हैं।

### मल्टी-कलर नेकपीस

खासकर पेस्टल साड़ी के साथ इस तरह की मल्टी-कलर वाली ज्वेलरी खूबसूरत नजर आती है। वहीं इसमें आप चाहे तो पर्ल भी अलग से लगवा सकती हैं। पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी भी पेस्टल कलर के कपड़ों के साथ बेहद खूबसूरत नजर आती है। इसके अलावा डायमंड वर्क में भी आपको मल्टी-कलर में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह का चोकर आप वी-नेक या गोल नेकलाइन के साथ ही स्टाइल करें। साथ ही मीडियम साइज के इयररिंग्स भी पहन सकती हैं।

## हेयर केयर रेमेडीज इस्तेमाल करने से पहले रहिए सचेत

हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

**मिथक: नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफ:** डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है। क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है। नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और



इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है। कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है, लेकिन फिर भी यह आपके बालों पर असर करेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। डॉक्टर आंचल के मुताबिक नींबू का रस फायदे से ज्यादा नुकसान करता है।

## अपर लिप हेयर रिमूवल के बाद जरूर करें ये काम

चेहरे के अनचाहे बाल किसी को अच्छे नहीं लगते हैं। अक्सर इन बालों को हटाने के लिए हम सभी वैक्स या थ्रेडिंग करवाते हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा अपर लिप हेयर इरिटेट करते हैं। ऐसे में इन बालों को समय-समय पर रिमूव करना जरूरी होता है। चूंकि चेहरे का यह हिस्सा काफी सेंसेटिव होता है, इसलिए हेयर रिमूवल के बाद स्किन की सही तरह से केयर करना बेहद जरूरी होता है। अपर लिप हेयर को सिर्फ रिमूव करना ही काफी नहीं होता है। अगर स्किन की सही तरह से देखभाल नहीं की जाती है तो इससे अपर लिप हेयर में रैशेज, जलन या फिर रेडनेस की समस्या हो सकती है।

**करें क्लींज:** एक बार अपर लिप हेयर को रिमूव करने के बाद उसे क्लींज करना जरूरी होता है। इससे आपके अपर लिप एरिया पर मौजूद किसी भी तरह के बचे हुए वैक्स को क्लीन करना आसान हो जाता है। हालांकि, जब आप अपर लिप एरिया को क्लीन कर रही हैं तो किसी भी तरह के हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करने से बचें। यह आपकी स्किन में जलन पैदा कर सकते हैं।

**कूल कंप्रेस का लें सहारा:** कूल कंप्रेस का लें सहारा अपर लिप एरिया में हेयर रिमूवल के बाद अक्सर रेडनेस या फिर हल्की जलन का अहसास होता है। जिससे आपको अनकंफर्टेबल फील हो सकता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आप



कूल कंप्रेस का सहारा लें। इसके लिए आप एक साफ कपड़ा लें और फिर उसे ठंडे पानी से गीला करके इस्तेमाल करें। आप चाहें तो फ्रिज में ठंडा किया गया जेल मास्क भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**करें मॉइश्चराइज:** अपर लिप एरिया को क्लीन करने के बाद उस एरिया को मॉइश्चराइज करना जरूरी होता है। ध्यान रखें कि वह अल्कोहल फ्री हो, अन्यथा आपको जलन का अहसास हो सकता है। अपर लिप एरिया को मॉइश्चराइज करने से स्किन को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलती है।

**मेकअप को करें अवॉयड:** अपर लिप एरिया के हेयर रिमूवल के बाद मेकअप करना अच्छा नहीं माना जाता है। खासतौर से, बालों को हटाने के बाद कम से कम 24 घंटे तक उस एरिया पर मेकअप अप्लाई करने से बचना चाहिए। दरअसल, मेकअप उस एरिया के पोर्स को क्लॉग कर सकता है।

कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में ट्रेंड के साथ-साथ टिप्स का जरूर रखें ध्यान

## पार्टी की शान बनना चाहते हैं तो तैयार होने के दौरान इन टिप्स का रखें ध्यान, नजरें टिकीं रहेंगी आप पर

आम तौर पर पार्टी या त्यौहार के मौके पर लड़कियां तो तैयार हो जाती हैं लेकिन लड़कों को समझ नहीं आता कि वह कैसे तैयार हों और कैसे कपड़े पहनें। हर लड़का चाहता है कि पार्टी या त्यौहार का पल जब कैमरे में कैद हो तो वह खुद भी अच्छा दिखे। ऐसे में लड़कों के लिए भी हैंडसम दिखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर जानना चाहिए जिनको अपना कर आप भी पार्टी या त्यौहार पर हैंडसम दिख पाएंगे। अगर आप बताई गई टिप्स को फॉलो करके तैयार होंगे और ट्रेंडी कपड़े पहनेंगे तो आप पर लोगों की नजरें टिकी रहेंगी।

### करें ग्रूमिंग

पार्टी या त्यौहार के लिए तैयार होने के लिए सबसे पहले शेव करें और बालों को सही से सेट कर लें। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी।

### फेस वॉश

पार्टी या त्यौहार के लिए तैयार होने से पहले चेहरे को सही से साफ कर



लें, ताकि त्वचा पर किसी तरह की गंदगी ना हो। इसके साथ ही अपने चेहरे को मॉइश्चराइज जरूर करें।

### पहनें इस तरह का आउटफिट

पार्टी या त्यौहार के मौके पर हैंडसम दिखने के लिए अगर आप चाहें कुछ अलग लुक कैरी कर सकते हैं। धोती-कुर्ता के साथ जैकेट आपके लुक को पूरा करने में मदद करेगी।

### पहन सकते हैं कुर्ता और पैंट

अगर आप धोती कुर्ता पहनना नहीं चाहते तो कुर्ता और पैंट कैरी करें। ये भी देखने में स्टाइलिश लगता है। इसे पहनकर आपकी तस्वीरें भी अच्छी आएंगी।

### जरूर पहनें घड़ी

अपने लुक को पूरा करने के लिए हाथों में घड़ी जरूर पहनें। लुक के हिसाब से ही घड़ी का चयन करें।

### फुटवियर का रखें खास ध्यान

अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए फुटवियर का ध्यान रखें। एथनिक स्टाइल वाली मोजरी खरीद कर कुर्ते के साथ पहन सकते हैं। मेंस फैशन में तैयार होते समय सही फिटिंग के कपड़े पहनें, रंगों और पैटर्न के सही कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें, अपनी बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दें, अच्छी क्वालिटी के एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें और अपनी स्टाइल को खास बनाने के लिए अपनी शख्सियत के हिसाब से ग्रूमिंग करें।

### सही फिटिंग

कपड़े चाहे महंगे हों या सस्ते, अगर उनकी फिटिंग सही है तो वे आप पर अच्छे लगेंगे ही। ढीले-ढाले या बहुत टाइट कपड़े न पहनें।

